हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जून 2026


तापमान

अधिकतम 41.3 डिग्री

न्यूनतम 27.7 डिग्री


14 तकनीक, प्रशिक्षण और सख्त निगरानी से सड़क



16 दैनिक श्रमिकों की बैठक में ईपीएफ सहित मूलभूत...





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर दहशत फैलाते बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना कोटा स्थित बिजली ऑफिस के पास देवेंद्र निर्मलकर निवासी कृष्णा नगर कोटा बीएसयूपी कॉलोनी को चाकू लेकर आम लोगों को डराते हुए गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### एक्सीडेंट में मौत, ट्रक चालक पर एफआईआर

**रायपुर।** फुंडहर चौक एक्सप्रेस-वे रोड पर 16 फरवरी को अज्ञात ट्रक की टक्कर से घायल हुए गजानंद जाल की इलाज के दौरान आंबेडकर अस्पताल में मौत हो गई। इस मामले की जांच के बाद राजेंद्र नगर पुलिस ने अब अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106-1 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### कार की टक्कर से एक्टिवा सवार दंपति घायल

**रायपुर।** आमानाका क्षेत्र में नेक्सस शोरूम के पास मुख्य मार्ग पर एक कार की टक्कर से दंपति घायल हो गए। घटना 7 जून की सुबह साढ़े 9 बजे की है। प्रार्थी केशव राजवाड़े ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह और उसकी पत्नी एक्टिवा वाहन से जा रहे थे। इसी दौरान एक कार के चालक ने उसकी वाहन को टक्कर मार दी और फरार हो गया। इससे दोनों को चोटें आई हैं। पुलिस इस घटना पर केस दर्ज कर कार और चालक दोनों का पता लगा रही है।

### बिना लाइसेंस शराब पिलाई दो ढाबा संचालकों पर केस

**रायपुर।** ढाबे में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब पिलाने के मामले में मंदिर हसौद पुलिस ने दो ढाबा के संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मोनेट रोड स्थित जेपी ढाबा एवं छेरीखेड़ी स्थित रणवीर ढाबा में अवैध रूप से ग्राहकों को शराब पिलाई जा रही थी। पुलिस ने मामले में आबकारी एक्ट 36 सी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ट्रिपल आईटी के सहायक प्राध्यापक से ठगी

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित ट्रिपल आईटी के एक सहायक प्राध्यापक साइबर ठगी का शिकार हो गए। अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खाते से 1 लाख 8 हजार रुपए पार कर दिए। मामले की शिकायत के बाद राखी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में पदस्थ सहायक प्राध्यापक कृष्णानंद विश्वकर्मा संस्थान के प्राध्यापक आवास में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 जून को उनके मोबाइल फोन पर स्टेट बैंक खाते से रकम कटने के तीन अलग-अलग संदेश प्राप्त हुए। इन संदेशों में 44 हजार, 44 हजार और 20 हजार रुपए निकाले जाने की जानकारी दी गई थी।

### जीएडी ने जारी की नई पदस्थापना सूची

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने सचिवालय सेवा से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की नई पदस्थापना सूची जारी कर दी है। जारी आदेश में करीब दो दर्जन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम शामिल हैं, जिन्हें विभिन्न विभागों और शाखाओं में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

बड़ी चोरी, बड़ी कार्रवाई, चोरी करते पकड़े गए चार आरोपी, टैंकर, ईंधन, ड्रम जब्त

# टैंकरों से डीजल-पेट्रोल ड्रमों में भरा जा रहा खाली प्लाट में अवैध कारोबार का मामला फूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर में डीजल-पेट्रोल के अवैध कारोबार का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। कबीरनगर थाना क्षेत्र के सोनडोंगरी इलाके में कान्हा ढाबा के पीछे ईपी रोलिंग मिल के पास खाली पड़े प्लाट में यह अवैध कारोबार किया जा रहा था। पुलिस की टीम ने घेराबंदी करते हुए यहां दबिश दी। इस दौरान मौके से 14 हजार 1 सौ लीटर डीजल और पेट्रोल सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। इसके अलावा इंडियन ऑयल कंपनी का एक टैंकर भी पकड़ा गया है, जो पेट्रोल से भरा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में टैंकर के चालक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कबीरनगर थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि सोनडोंगरी क्षेत्र में कान्हा ढाबा के पीछे ईपी रोलिंग मिल के पास खाली प्लॉट में डीजल और पेट्रोल का अवैध कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस की टीम तैयार की गई और घेराबंदी करते हुए वहां छापा मारा गया। इस दौरान मौके पर 12 हजार लीटर क्षमता का ऑयल कंपनी का एक पेट्रोल से भरा टैंकर मिला, जिसका नंबर सीजी 07 बीए 8727 है। इसके अलावा टिन के 11 बड़े ड्रम भी जब्त किए गए हैं, जिनमें से 8 ड्रम में 1600 लीटर पेट्रोल तथा 3 ड्रम में 500 लीटर डीजल भरा मिला। नकदी 1 लाख 30 हजार रुपए के साथ मोटर पंप, चाड़ी सहित अन्य सामग्री भी मौके से जब्त की गई है, जिसके माध्यम से आरोपी, टैंकर से पेट्रोल-डीजल चोरी कर ड्रम में डालते थे।

### टैंकर से पेट्रोल की चोरी कर ड्रमों में भर रहे थे

पुलिस के अनुसार जिस समय छापा मारा गया, उस समय भी ऑयल टैंकर से पेट्रोल चोरी कर ड्रमों में भरा जा रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में ट्रैंकर चालक सहित अन्य आरोपियों ने कबूल भी किया है कि वे टैंकर से पेट्रोल-डीजल की चोरी किया करते हैं, लेकिन एक ट्रैंकर से 40 से 50 लीटर पेट्रोल-डीजल ही चोरी किया करते हैं, ताकि किसी को पता नहीं चले। बताया गया कि पुलिस की छापामार कार्रवाई के दौरान भी आरोपियों ने टैंकर से 45 लीटर पेट्रोल की चोरी की थी और ड्रमों में भर चुके थे।



### ऑयल कंपनी के अन्य टैंकर चालक भी हो सकते हैं अवैध कारोबार में शामिल

इंडियन ऑयल कंपनी का टैंकर और उसके चालक के पकड़े जाने पर पुलिस यह भी आशंका जता रही है कि कंपनी के अन्य कई टैंकर चालक भी इस तरह की चोरी और अवैध कारोबार में संलिप्त हो सकते हैं। इसे देखते हुए पुलिस कंपनी के अधिकारियों से लेकर ट्रांसपोर्ट डीलरों से भी पूछताछ कर सकती है।


### सभी के विरुद्ध केस दर्ज

*पुलिस ने इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं अन्य सुसंगत कानूनी धाराओं 3-ईएसएस 7-ईएसएस एवं 287, 111 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने आशंका जताई है कि पेट्रोल-डीजल की चोरी और अवैध कारोबार में और कई लोग शामिल हो सकते हैं। इस संदेह के आधार पर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।*

### चोरी, अवैध कारोबार में कंपनी के टैंकर चालक की बड़ी भूमिका

*पेट्रोल और डीजल के अवैध कारोबार में ऑयल कंपनी के टैंकर चालक की बड़ी भूमिका रही है। पुलिस ने मौके से जिस टैंकर को जब्त किया है, उसके साथ उसके चालक रामजी यादव 45 वर्ष निवासी प्रगति नगर वार्ड नंबर 30, पावर हाउस कैंप-1 को भी मौके से गिरफ्तार किया है। इसके साथ गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ओमप्रकाश साव उर्फ कालिया 38 वर्ष निवासी सुभाष चौक उरला बेंद्री रोड, उमेश साव 55 वर्ष निवासी दुर्गा नगर बीरगांव तथा धर्मेन्द्र साव 45 वर्ष निवासी मिनी माता नगर खुर्सीपार शामिल हैं। टैंकर चालक डीजल-पेट्रोल से भरे टैंकर कंपनी के डिपो से निकालकर सीधे पेट्रोल पंपों तक नहीं पहुंचा कर सोनडोंगरी क्षेत्र पहुंचाते थे, जहां टैंकर से पेट्रोल-डीजल चोरी किया जाता था।*

# मानसून का इंतजार रात में बरसात ने दिलाई थोड़ी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मई में भारी गर्मी और जून के नौ दिनों से उमस की बेचैनी झेल रहे छत्तीसगढ़ को मानसून के आगमन का इंतजार है। सोमवार के बाद मंगलवार रात हुई हल्की बारिश ने मौसम में ठंडकता ला दी। राज्य में पिछले दस दिनों में केवल 7.4 मिली. बारिश दर्ज की गई है, जो औसत वर्षा से 61 फीसदी कम है। अभी सरगुजा, दंतेवाड़ा और बलरामपुर जिले में ही प्री-मानसून के दौरान औसत से ज्यादा बारिश हुई है। उमसभरी गर्मी अभी मौजूद है और पिछले दो दिन से राजधानी में शाम होने के बाद होने वाली हल्की बारिश थोड़ा सुकून दे रही है। मंगलवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति बनी। दिन चिपचिपाहट भरी धूप के साथ बीता, इसके बाद रात होते ही कुछ देर की तेज बारिश ने मौसम में ▶▶|शेष पेज 15 पर

### अभी यह है सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी दक्षिण पश्चिम मानसून उत्तर पूर्व राज्य के कुछ और हिस्सों में, संपूर्ण सिक्किम, उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल के कुछ और भाग तक पहुंच गया है। दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। साथ ही एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पूर्व उत्तर प्रदेश और उसके आसपास विस्तारित है।

# नापजोख से आगे नहीं बढ़ा डीके अस्पताल की बंद दुकानों को वार्ड बनाने का फैसला

## न्यूरो सर्जरी विभाग में बेड बढ़ाने सीएमई ने दिया था निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीके अस्पताल में संचालित न्यूरो सर्जरी विभाग में ज्यादा मरीजों के इलाज के लिए बेड बढ़ाने के उद्देश्य से बंद दुकानों को वार्ड बनाने का फैसला नापजोख के बाद आगे नहीं बढ़ पाया है। 6 माह पहले डीके हास्पिटल पहुंचे चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने यहां की अन्य कमियों को दूर करने के साथ बंद दुकानों को रिनोवेट कर मरीजों के इलाज के लिए वार्ड बनाने का फैसला लिया था। डीके अस्पताल में संचालित आठ विभागों के लिए यहां मौजूद करीब चार सौ बेड पर्याप्त नहीं हैं। खासकर न्यूरो



सर्जरी और नेफ्रोलॉजी विभाग में मरीजों की संख्या अधिक होने की वजह से बिस्तरों की संख्या कम पड़ती है। दिसंबर में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने हास्पिटल का निरीक्षण किया था। इस दौरान विभिन्न कमियों को सुधारने के साथ काफी सालों से बंद पड़ी दुकानों का उपयोग ▶▶|शेष पेज 15 पर

### पार्किंग की समस्या बरकरार

डीके अस्पताल के चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ और मरीजों का वाहनों की पार्किंग की समस्या अभी भी बरकरार है। अस्पताल में दुपहिया वाहन रखने की तो पर्याप्त जगह हैं मगर चारपहिया वाहन पार्क करने की जगह सीमित है। यहां बनाए गए पार्किंग में मरीज और उनके परिजन अपना वक्त गुजारते हैं। खुली जगह में वाहन खड़ी करने के लिए कई बार वहां विवाद की स्थिति भी ▶▶|शेष पेज 15 पर

# वाहन चलाने के विवाद पर युवक को पीटा, सोने की अंगूठी गायब

**रायपुर।** टाटीबंध क्षेत्र में सड़क पर वाहन से टकराने के बाद हुए विवाद पर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित टाटीबंध स्थित भारत माता स्कूल के पास पेट्रोल पंप वाली गली के निकट अपने परिवार के साथ रहता है। 8 जून को वह बैंक संबंधी कार्य से शंकर नगर गया हुआ था। शाम करीब 7.20 बजे काम खत्म कर अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी-04-एन-0220 से घर लौट रहा था। इस दौरान जब वह एटूजेड चौक टाटीबंध स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचा, तभी अचानक स्कूटी पर सवार दो युवक उसके वाहन के सामने आ गए। टक्कर से बचने के लिए उसे तत्काल ब्रेक लगाना पड़ा। इसके बाद उसने दोनों युवकों को सावधानी से वाहन चलाने के लिए कहा तो नाराज होकर दोनों युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और कुछ दूरी पर वाहन रोककर उसे बुलाया। जब वह वहां पहुंचा तो दोनों युवक उससे बहस करने लगे। इसी दौरान उनके कुछ अन्य ▶▶|शेष पेज 15 पर



# नहीं जुड़ेंगे ओवर अटेम्प के अंक जिस उत्तर में अधिक नंबर वही मान्य

## अंकसूची में अंकों की गिनती को लेकर असमंजस में थे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई द्वारा बारहवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा पश्चात कई छात्र आंसरशीट में अंकों की गिनती को लेकर असमंजस में थे। छात्रों की शिकायत थी कि उन्होंने कॉपी में सवाल दर सवाल जो नंबर जोड़े थे, उनका जोड़ बोर्ड की तरफ से दिए गए अंकों से मेल नहीं खा रहा था। कैलकुलेशन शीट और फाइनल मार्कशीट के नंबरों में आ रहे अंतर ने



चिंता बढ़ा दी थी। इसी भ्रम और शिकायतों को दूर करने के लिए सीबीएसई बोर्ड ने स्पष्टीकरण जारी कर मार्किंग का ▶▶|शेष पेज 15 पर

### विशेष चिन्ह

सीबीएसई बोर्ड ने स्टूडेंट्स को समझाने के लिए बताया कि आंसरशीट के मूल्यांकन के बाद जिन प्रश्नों के अंकों को 'ओवर अटेम्प्ट' होने के कारण फाइनल रिजल्ट में शामिल नहीं किया गया है, कंप्यूटर सिस्टम उन्हें स्टार मार्क के साथ दिखाता है। इसका मतलब है कि उस सवाल को जांचा तो गया है, लेकिन कम नंबर होने के कारण उसे फाइनल स्कोरिंग में जगह नहीं मिली है। बोर्ड ने इसका एक पूरा उदाहरण भी अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी नोटिस में साझा किया है।

### नए सिरे से तैयार होंगे परिणाम

यदि छात्र अपनी आंसरशीट में किसी अन्य विसंगति से असंतुष्ट हैं तो उनके लिए पुनर्मूल्यांकन और वेरिफिकेशन के लिए 6 जून तक पोर्टल खोला गया था। जिन छात्रों ने इसके लिए आवेदन किए थे, अब सीबीएसई उनकी उत्तरपुस्तिकाओं की पुनः जांच करेगी। इसके बाद छात्रों के परीक्षा परिणाम पुनः तैयार किए जाएंगे। गौरतलब है कि सीबीएसई द्वारा बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के साथ ही मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे थे।


एसी और कूलरों की संख्या में भी हो रहा है लगातार इजाफा

# सालभर में बढ़े डेढ़ लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता ई-वाहनों में भी इजाफा, खपत 73 सौ मेगावाट पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश में लगातार बिजली की खपत का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इस बार गर्मी में बिजली की खपत 73 सौ मेगावाट के पार हो गई है। खपत बढ़ने का बड़ा कारण उपभोक्ताओं की संख्या में भारी इजाफा और ई-वाहनों की संख्या में भी इजाफा है। सालभर में जहां 1.61 लाख बिजली उपभोक्ता बढ़े हैं, वहीं 50 हजार से ज्यादा ई-वाहन भी बढ़ गए हैं। ई-वाहनों में भी बिजली की खपत बढ़ रही है। एसी और कूलरों की बिक्री भी लगातार बढ़ रही है। इस बार सीजन में



सवा लाख से ज्यादा एसी और चार लाख से ज्यादा कूलर बिके हैं। छत्तीसगढ़ राज्य अलग हुआ था, तब प्रदेश में बिजली की खपत महज 1309 मेगावाट थी, तब प्रदेश में बिजली का उत्पादन भी महज 1360 मेगावाट होता था। राज्य के अलग बनने के बाद से ही प्रदेश में जहां एक तरफ तेजी से उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हुआ, वहीं बिजली की खपत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। पहली बार बिजली की खपत 2003 में दो हजार मेगावाट के पार होकर 2335 मेगावाट तक पहुंची। इसके बाद 2013 में खपत तीन हजार मेगावाट के पार और 2018 में चार हजार मेगावाट के पार गई। 2023 में खपत ने पांच हजार मेगावाट का आंकड़ा पार किया। 2024 में खपत छह हजार मेगावाट के पार और बीते साल सात हजार मेगावाट के पार गई। इस साल खपत 73 सौ मेगावाट के पार हो गई है।

### लगातार बढ़ रहे उपभोक्ता

प्रदेश में बिजली के उपभोक्ताओं की संख्या में 47 लाख से ज्यादा बढ़ गई है। जब अपना राज्य अलग हुआ था तो उस समय प्रदेश में निम्न दाब के महज 1890998 उपभोक्ता थे जो आज बढ़कर 65 लाख के पार हो गई हैं। उच्च दाब के उपभोक्ता महज 530 थे जो अब बढ़कर 4177 हो गए हैं। यानी राज्य बनने के बाद यहां पर उद्योगों में भी भारी संख्या में इजाफा हुआ है। 2025-26 के सत्र में 1.61 लाख बिजली उपभोक्ता बढ़े हैं।

### सालभर में बिके 50 हजार ई-वाहन

प्रदेश में ई-वाहनों में लगातार इजाफा हो रहा है। बीते एक साल में 50 हजार से ज्यादा ई-वाहन प्रदेश में बढ़ गए हैं। पांच साल पहले की बात करें तो प्रदेश में 2021-22 में महज साढ़े छह हजार वाहन बिके थे। लेकिन 2022-23 में इसमें करीब पांच गुना इजाफा हुआ और करीब तीस हजार वाहन बिके। अब यह आंकड़ा 50 हजार के पार हो गया है। प्रदेश में हर ढाई से तीन हजार दोपहिया वाहन ▶▶|शेष पेज 15 पर

# नगरघड़ी कांप्लेक्स के दुकानदारों को नोटिस, 3 दिन में मांगे दस्तावेज

## बकाया टैक्स भुगतान नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा ने मंगलवार को शहीद वीर नारायण सिंह परिसर अभ्युदय कांप्लेक्स का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित दुकानदारों को 3 दिन के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। दस्तावेज पेश न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सूत्रों के मुताबिक संबंधित दुकानदारों द्वारा एक अरसे से संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया गया है, ऐसे में राजस्व विभाग ने दस्तावेज के साथ बकाया संपत्ति कर की स्थिति जानने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उपायुक्त डॉ. शर्मा ने नगर निगम जोन 4 में राजस्व वसूली से संबंधित आवश्यक बैठक ली।



बैठक के दौरान उन्होंने राजस्व अमले को प्रतिदिन 40 डिमांड नोट बांटने की हिदायत दी है। साथ ही संपत्ति धारकों को 30 जून तक बकाया संपत्ति कर का भुगतान करने पर 6.25 फीसदी संपत्ति कर में छूट का लाभ दिलवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त राजस्व ने जोन 4 अंतर्गत बकाएदारों और ब्लॉक प्रापर्टी के प्रकरणों में नोटिस देने के लिए राजस्व महकमे को कहा है।

# छत्तीसगढ़ में पदोन्नति योजनाएं खत्म, अब समयमान वेतनमान व्यवस्था लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने कर्मचारियों की पदोन्नति आधारित वेतनमान योजनाओं में बड़ा बदलाव करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संचालित कई विशेष पदोन्नति योजनाओं को समाप्त करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार के अनुसार अब इन योजनाओं को वित्त विभाग की समयमान वेतनमान व्यवस्था में समाहित किया जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 9 जून 2026 को जारी आदेश के मुताबिक शिक्षकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, विभिन्न निर्माण विभागों के उपअभियंताओं तथा वन विभाग के वनक्षेत्रपालों के लिए लागू विशेष पदोन्नति वेतनमान योजनाओं की प्रभावशीलता 31 मार्च 2026 से समाप्त मानी जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा यह आदेश शासन के सभी विभाग, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर, सभी जिला पंचायत सीईओ को भेजा गया है। यह भी कहा गया है कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया नया आदेश

### नए कर्मचारियों के लिए केवल समयमान वेतनमान

आदेश के अनुसार 1 अप्रैल 2026 या उसके बाद नियुक्त होने वाले सभी शासकीय कर्मचारियों को केवल वित्त विभाग के अंतर्गत संचालित समयमान वेतनमान योजना का लाभ मिलेगा। उन्हें पुरानी पदोन्नति आधारित योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाएगा। यह निर्णय राज्य सरकार की उस कवायद का हिस्सा माना जा रहा है जिसके तहत विभिन्न विभागों में अलग-अलग चल रही वेतन उन्नयन व्यवस्थाओं को एक समान ढांचे में लाने की कोशिश की जा रही है।

### 31 मार्च 2026 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को नहीं मिलेगा पदोन्नति वेतनमान



### पुराने कर्मचारियों को मिलेगा विकल्प

सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नियुक्त कर्मचारियों को राहत देते हुए उन्हें एक विकल्प देने का फैसला किया है। ऐसे कर्मचारी पदोन्नति वेतनमान और समयमान वेतनमान में से जो व्यवस्था उनके लिए अधिक लाभकारी हो, उसका चयन कर सकेंगे। हालांकि उन्हें दोनों योजनाओं का लाभ एक साथ नहीं मिलेगा।

### एक बार चुना विकल्प बदला नहीं जा सकेगा

सरकार ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारी द्वारा चुना गया विकल्प अंतिम और अपरिवर्तनीय होगा। भविष्य में उच्चतर वेतनमान का लाभ भी उसी विकल्प के आधार पर तय किया जाएगा। कर्मचारियों को आदेश जारी होने की तारीख से एक माह के भीतर अपना विकल्प सक्षम प्राधिकारी को देना होगा। यदि निर्धारित अवधि में विकल्प प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि संबंधित कर्मचारी पुरानी पदोन्नति योजना में बने रहना चाहता है। इसके बाद प्राप्त होने वाले विकल्पों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जेल में बंद पार्षद का कार्यालय ढहाया

**चंदखुरी।** नगर पालिका मंदिर हसौद में पानी के विवाद में युवक की हत्या के मामले में जेल में बंद निर्दलीय पार्षद नोहर दास उर्फ गोलू रात्रे का अतिक्रमण कर बनाए गए कार्यालय को आज ढहा दिया गया। हत्या मामले में जेल भेजे जाने के बावजूद नोहर रात्रे के अवैध कब्जे वाले कार्यालय को लेकर स्थानीय स्तर पर शिकायतें थीं। तहसील प्रशासन ने आज सख्ती दिखाते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। मंदिर हसौद तहसीलदार विनोद साहू ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है ।



### केबल वायर चोरी मामले में फरार पति-पत्नी गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा।** दाऊजी फार्म्स प्रा.लि. तुलसी नेवरा से केबल वायर चोरी के मामले में फरार चल रहे पति-पत्नी को तिल्दा-नेवरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी जितेन्द्र शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दाऊजी फार्म्स प्रा.लि. तुलसी नेवरा परिसर से कॉपर एवं एल्युमिनियम के केबल वायर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। मामले में तिल्दा-नेवरा थाना पुलिस ने पूर्व में आरोपी सूरज देवार, रूपा देवार एवं आपा देवार को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के दौरान मामले में भकानंद उर्फ किशन देवार और उसकी पत्नी आरती देवार उर्फ कजनीन देवार की संलिप्तता सामने आई थी। मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी क्षेत्र में मौजूद हैं। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर भकानंद उर्फ किशन देवार (30 वर्ष), श्रीमती आरती देवार उर्फ कजनीन देवार (30 वर्ष) दोनों निवासी दलाल तालाब तिल्दा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### खाद-बीज की समस्या पर सरकार गंभीर : शिवसेना

**आरंग।** जून माह शुरू होते ही किसान खेती-किसानी के कार्यों में जुट जाते हैं। बारिश की शुरुआत के साथ ही बुआई का कार्य प्रारंभ हो जाता है, जिसके लिए खाद एवं बीज की आवश्यकता बढ़ जाती है। लेकिन कई स्थानों पर सहकारी समितियों (सोसायटियों) में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वहीं कुछ निजी दुकानदारों द्वारा खाद की कालाबाजारी किए जाने की शिकायतें भी सामने आती हैं, जिससे किसानों को अधिक कीमत पर खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। शिवसेना के रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि इस विषय को लेकर शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आह्वान पर किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रदेशभर के सभी जिलों में जिलाधीशों को ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन के माध्यम से शासकीय सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा निजी दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई थी। साथ ही दुकानों में संबंधित अधिकारियों के संपर्क नंबर सहित शिकायत सूचना बोर्ड लगाने की मांग भी की गई थी। इस संबंध में विभिन्न जिलों के कलेक्टरों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। शिवसेना द्वारा प्रदेशव्यापी आंदोलन एवं ज्ञापन अभियान के बाद मुख्यमंत्री ने खाद-बीज की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के सभी जिलाधीशों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। ग्रामीण जिलाध्यक्ष शर्मा ने जिले के सभी शिवसैनिकों से अपील की है कि वे निजी खाद-बीज दुकानों पर नजर रखें तथा यदि कोई दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर सामग्री बेचता है तो उसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

## कार्रवाई : पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाने व राजस्व हानि रोकने कवायद

# अवैध नल कनेक्शनों पर नगर पालिका की सख्ती

# 15 कनेक्शन काटे गए, 1.13 लाख रुपए हुए जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा

नगर पालिका परिषद द्वारा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और राजस्व हानि रोकने के उद्देश्य से अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर के विभिन्न वार्डों में जांच अभियान चलाकर 15 अवैध नल कनेक्शनों को विच्छेदित किया गया।

कार्रवाई के दौरान संबंधित उपभोक्ताओं को नगर पालिका के जल प्रदाय नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी दी गई। नगर पालिका की सख्त कार्रवाई के बाद 15 उपभोक्ताओं ने अपने अवैध नल कनेक्शनों को नियमित कराने के लिए निर्धारित शुल्क एवं बकाया राशि जमा कराई। अभियान के तहत अब तक कुल 1 लाख 13 हजार रुपये नगर पालिका के खाते में जमा हो चुके हैं।



### इनका कनेक्शन काटा गया

मंगलवार को वार्ड क्रमांक 13 में बिरझू निषाद, अशोक कुमार, ठाकुर दास एवं चंदीराम के अवैध नल कनेक्शनों को विच्छेदित किया गया। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति लिए गए नल कनेक्शन नगर पालिका अधिनियम एवं प्रचलित नियमों का उल्लंघन हैं। ऐसे कनेक्शनों से जल वितरण व्यवस्था प्रभावित होती है तथा नगर पालिका को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। अभियान के दौरान नगर पालिका के राजस्व, जलकार्य एवं अन्य संबंधित शाखाओं के अधिकारियों-कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। प्रशासन ने बताया कि यह विशेष अभियान आगामी दिनों में भी लगातार जारी रहेगा।

### कनेक्शन को कराएं नियमित: सीएमओ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जिन लोगों ने अब तक अवैध रूप से नल कनेक्शन लिया हुआ है अथवा जिनके जलकर अभिलेख अद्यतन नहीं हैं, वे शीघ्र नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अपने कनेक्शन नियमित करा लें। अन्यथा जांच में अवैध कनेक्शन पाए जाने पर तत्काल विच्छेदन के साथ नियमानुसार जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से ही नगर में पेयजल वितरण व्यवस्था को पारदर्शी, न्यायसंगत एवं व्यवस्थित बनाया जा सकता है।

# गुजरा पंचायत की सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 17 जून को होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

लखौली के समीपस्थ ग्राम पंचायत गुज़रा के सरपंच बिंदू बंजारे के खिलाफ उपसरपंच एवं पंचों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव प्रशासनिक मंजूरी प्राप्त कर चुका है। अब सरपंच की कुर्सी का भविष्य 17 जून को होने वाले विशेष सम्मेलन में तय होगा।अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विहित प्राधिकारी आरंग ने अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए विशेष सम्मेलन बुलाने का आदेश जारी किया है। यह बैठक 17 जून को दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत भवन गुज़रा में आयोजित होगी। मंदिरहसौद तहसीलदार विनोद साहू पीठासीन अधिकारी के रूप में मौजूद रहेंगे। विदित हो कि उपसरपंच और पंचों ने पंचायत राज अधिनियम के तहत प्रस्तुत आवेदन में सरपंच पर करीब 6 लाख रुपये की शासकीय राशि के उपयोग में पारदर्शिता नहीं बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि राशि आहरित तो की गई, लेकिन उसके खर्च का स्पष्ट ब्यौरा उपलब्ध नहीं कराया गयाशिकायतकर्ताओं का आरोप है कि सरपंच अधिकांश समय अपने मायके ग्राम बिमचा (महासमुंद) में निवास करती हैं, जिससे पंचायत के नियमित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों को विभिन्न प्रमाण-पत्रों और सत्यापन संबंधी कार्यों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। अविश्वास प्रस्ताव में यह भी आरोप लगाया गया है कि पंचायत की बैठकों और निर्णय प्रक्रिया में सरपंच के भाई का अनुचित हस्तक्षेप रहता है। वहीं पेयजल टैंकर और मोटर पंप मरम्मत के नाम पर राशि निकाले जाने तथा कार्य नहीं होने की शिकायत भी दर्ज कराई गई है। पंचों का कहना है कि पंचायत के वित्तीय अभिलेख, पासबुक और अन्य दस्तावेज देखने की मांग करने पर उन्हें जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिससे संदेह और बढ़ गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने सम्मेलन के दौरान पर्याप्त महिला एवं पुरुष पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बैठक की कार्यवाही और रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजी जाएगी। गुज़रा पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है।

- अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पंचायत में बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

# साहू समाज की ऐतिहासिक जीत पर आरंग में निकली भव्य विजय रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

रायपुर जिला ग्रामीण साहू समाज के चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद आरंग शहर में नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिरामन साहू एवं उनके विजयी पैनल के सम्मान में भव्य विजय एवं आभार रैली निकाली गई। गाजे-बाजे, आतिशबाजी, गुलाल और जयघोष के बीच निकले इस जुलूस में जिला ग्रामीण साहू समाज के 29 परिक्षेत्र व 5 तहसील क्षेत्र के पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।साहू छात्रावास से प्रारंभ हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कालेज चौक स्तिथ कर्मा मन्दिर पहुंची। जुलूस के दौरान छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों और आतिशबाजी ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। युवा, बुजुर्ग और महिलाएं जीत की खुशी में झूमते नजर आए। जगह-जगह समाजजनों एवं नागरिकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं, गुलाल और पुष्पवर्षा से आत्मीय स्वागत किया। विजयी रैली में नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिरामन साहू, उपाध्यक्ष पोषण लाल साहू, महिला उपाध्यक्ष धनमती साहू, संगठन सचिव योगेश कुमार साहू तथा महिला संगठन सचिव सरस्वती साहू सहित विजयी पैनल के सभी सदस्य शामिल रहे। समर्थकों ने मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया और नए नेतृत्व के प्रति विश्वास व्यक्त किया।कर्मा मन्दिर में पूजा अर्चना के बाद आयोजित आभार सभा को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिरामन साहू ने समाजजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे साहू समाज की एकता, विश्वास और समर्थन की जीत है। समाज ने जो भरोसा उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवाओं को आगे बढ़ाने, महिला सशक्तिकरण तथा संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने को अपनी प्राथमिकता बताया।

श्री साहू ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर विकास और संगठन विस्तार के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। रैली के दौरान समाजजनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि समाज नए नेतृत्व से काफी उम्मीदें लगाए हुए है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भी सभी के प्रति आभार जताते हुए समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प दोहराया। उल्लेखनीय है कि रायपुर जिला ग्रामीण साहू समाज के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए हुए त्रिकोणीय मुकाबले में लखौली के सरपंच हिरामन साहू ने शानदार जीत हासिल की थी। उनके पूरे पैनल ने विभिन्न पदों पर विजय प्राप्त कर संगठन में मजबूत जनसमर्थन का परिचय दिया। इसी ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में निकाले गए विजय जुलूस ने पूरे आरंग में उत्सव जैसा माहौल बना दिया।

- समाज की एकता और विश्वास की जीत : हिरामन साहू

## राज्य ओपन हेंडबॉल स्पर्धा में आरंग ने महासमुंद को हराया

**आरंग।** राजा मोरध्वज की ऐतिहासिक नगरी आरंग के खेल परिसर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य ओपन हैंडबॉल प्रतियोगिता का खिताब स्थानीय आरंग की टीम ने अपने नाम कर लिया। फ्लड लाइट की दूधिया रोशनी में खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में आरंग ने महासमुंद को पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रायगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, महासमुंद सहित प्रदेशभर की कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन और टीम भावना भी विकसित करते हैं। इस अवसर पर मंत्री ने आरंग में हैंडबॉल के जनक स्वर्गीय राजेंद्र शर्मा तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी स्वर्गीय प्रणय शर्मा के परिजनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। खेल प्रेमियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वर्गीय नंद कुमार साहू, हिरेंद्र साहू, अभिषेक तिवारी, अविनाश पटेल एवं राहुल तिवारी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ध्रुव कुमार मिर्धा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, उपाध्यक्ष हिरामन कोसले, पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। मंच संचालन अरविंद वैष्णव एवं भूषण भाई ने किया।



# ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**आरंग।** विकासखंड आरंग के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत निसदा में जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच मानसिंग निषाद सहित पंचगण एवं ग्रामवासियों ने जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में व्याख्याता एवं इको क्लब प्रभारी रामानंद ध्रुव द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने जल के विवेकपूर्ण उपयोग, जल स्त्रोतों की सुरक्षा, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा जल की बर्बादी रोकने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में रामानंद ध्रुव ने कहा कि जल जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों का संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने घरों एवं गांव में जल संरक्षण के विभिन्न उपाय अपनाने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। सरपंच मानसिंग निषाद ने भी ग्रामवासियों से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को जल बचाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने जल संरक्षण के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संकट के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा समाज को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराना रहा। ग्राम पंचायत निसदा में आयोजित यह अभियान ग्रामीणों के बीच जल संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश देने में सफल रहा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोमल साहू, खुमन, एस. कुमार, ओमप्रकाश साहू, संजीव यादव, दुर्गेश साहू, मोहन सिन्हा, शारदा निषाद, सूरज कनौजे, गोवर्धन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# समर कैंप में बच्चों को वैदिक गणित की दी जानकारी

**आरंग।** पीएमश्री अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, आरंग में आयोजित समर कैंप के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विविध ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही बच्चों को आरंग नगर स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक भांडदेवल मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने स्थानीय इतिहास, संस्कृति एवं स्थापत्य कला के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। समर कैंप के अंतर्गत वैदिक गणित का विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने गणना की सरल एवं रोचक विधियों को सीखा। इन गतिविधियों से बच्चों के ज्ञान, कौशल एवं रचनात्मकता में वृद्धि हुई। इस अवसर पर विद्यालय शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) के अध्यक्ष खिलेश धुरंधर ने विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में एसएमडीसी के सदस्य अशोक चंद्राकर, अनुपनाथ योगी एवं शब्बीर चौहान भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य संध्यारानी बारीक ने समर कैंप के सफल संचालन में सहयोग देने वाले सभी एसएमडीसी सदस्यों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन की बात कही।



## जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जोरा मंडल की बैठक

# किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ रायपुर कलेक्टोरेट का घेराव कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलयारी

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जोरा मंडल की बैठक में क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध नहीं होने की गंभीर समस्या पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को समय पर यूरिया, डीएपी, पोटाश एवं अन्य आवश्यक उर्वरक उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है। खरीफ सीजन प्रारंभ होने के बावजूद किसान खाद-बीज के लिए समितियों और बाजारों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसानों की समस्याओं एवं भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा पूर्व विधायक विकास उपाध्याय पूर्व विधायक अनीता शर्मा बलौदा बाजार विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी रायपुर ग्रामीण विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की विशेष उपस्थिति में 11 जून गुरुवार को प्रातः 11 बजे रायपुर कलेक्टर कार्यालय का घेराव एवं प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी, पोटाश तथा गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। कृषि कार्यों के महत्वपूर्ण समय में खाद-बीज की कमी किसानों को आर्थिक संकट की ओर धकेल रही है। उन्होंने सभी कांग्रेसियों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में पूर्व विधायक अनीता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस उधो वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के अध्यक्ष आशीष वर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित वर्मा, जयंत साहू, भावेश बघेल, डोमेश्वरी वर्मा, हरिशंकर निषाद, कमल भारती जोरा मंडल के अध्यक्ष रंजीत गायकवाड़, जनपद सदस्य बरखा लोकेश साहू, दीपा साहू, खेम देवांगन, जनक खेलवार, अरुण लहरी, जागेश्वर कुर्रे, गंगाराम चेलक, सुभाष कुर्रे, प्रदीप पुरी, गोस्वामी मनहरण साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती गरिमा चन्द्राकर पति श्री प्रदीप कुमार चन्द्राकर निवासी सुमन कालोनी बैहार (आरंग) थाना व तहसील - आरंग जिला - रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्रीमती वीणा वर्मा पति श्री संजय कुमार वर्मा निवासी ग्राम मुनगेसर (चंदखुरी) थाना व तहसील - मंदिर हसौद जिला - रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि लगानी भूमि ग्राम करमंदी प.ह.नं.- 25 रा.नि. मं. - समोदा तहसील - आरंग जिला - रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर - 162 रकबा 0.4100 हे. कुल ख.नं.-01 कुल रकबा 0.4100 हे. को क्रय करने के लिये बिक्री इकरारनामा निष्पादित कर ब्याना राशि अदा कर दिया है रजिस्ट्री बैनामा पंजीयन शेष है ।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, बीमा, निगम, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 05 दिवस के भीतर मेरे समक्ष मय सुसंगत दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति शून्य व अवैध मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा मेरे पक्षकार के द्वारा रजिस्ट्री बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जाने ।

स्थानः आरंग जिला - रायपुर (छ.ग.)

दिनांक : 09/06/2026

**अनिल कुमार तम्बोली (अधिवक्ता)**
**आफिस / निवास - श्याम बाजार आरंग**
**जिला - रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. - 99775-44466**

# छत्तीसगढ़ में पदोन्नति योजनाएं खत्म, अब समयमान-वेतनमान व्यवस्था लागू

## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया नया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने कर्मचारियों की पदोन्नति आधारित वेतनमान योजनाओं में बड़ा बदलाव करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संचालित कई विशेष पदोन्नति योजनाओं को समाप्त करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार के अनुसार अब इन योजनाओं को वित्त विभाग की समयमान वेतनमान व्यवस्था में समाहित किया जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 9 जून 2026 को जारी आदेश के मुताबिक शिक्षकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, विभिन्न निर्माण विभागों के उपअभियंताओं तथा वन विभाग के वनक्षेत्रपालों के लिए लागू विशेष पदोन्नति वेतनमान योजनाओं की प्रभावशीलता 31 मार्च 2026 से समाप्त मानी जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा यह आदेश शासन के सभी विभाग, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर, सभी जिला पंचायत सीईओ को भेजा गया है। यह भी कहा गया है कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

### नए कर्मचारियों के लिए केवल समयमान-वेतनमान

आदेश के अनुसार 1 अप्रैल 2026 या उसके बाद नियुक्त होने वाले सभी शासकीय कर्मचारियों को केवल वित्त विभाग के अंतर्गत संचालित समयमान वेतनमान योजना का लाभ मिलेगा। उन्हें पुरानी पदोन्नति आधारित योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाएगा। यह निर्णय राज्य सरकार की उस कवायद का हिस्सा माना जा रहा है जिसके तहत विभिन्न विभागों में अलग-अलग चल रही वेतन उन्नयन व्यवस्थाओं को एक समान ढांचे में लाने की कोशिश की जा रही है।

खास खबर

### 31 मार्च 2026 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को नहीं मिलेगा पदोन्नति वेतनमान



### पुराने कर्मचारियों को मिलेगा विकल्प

सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नियुक्त कर्मचारियों को राहत देते हुए उन्हें एक विकल्प देने का फैसला किया है। ऐसे कर्मचारी पदोन्नति वेतनमान और समयमान वेतनमान में से जो व्यवस्था उनके लिए अधिक लाभकारी हो, उसका चयन कर सकेंगे। हालांकि उन्हें दोनों योजनाओं का लाभ एक साथ नहीं मिलेगा।

### एक बार चुना विकल्प बदला नहीं जा सकेगा

सरकार ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारी द्वारा चुना गया विकल्प अंतिम और अपरिवर्तनीय होगा। भविष्य में उच्चतर वेतनमान का लाभ भी उसी विकल्प के आधार पर तय किया जाएगा। कर्मचारियों को आदेश जारी होने की तारीख से एक माह के भीतर अपना विकल्प सक्षम प्राधिकारी को देना होगा। यदि निर्धारित अवधि में विकल्प प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि संबंधित कर्मचारी पुरानी पदोन्नति योजना में बने रहना चाहता है। इसके बाद प्राप्त होने वाले विकल्पों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### विभागों से मांगे जाएंगे नए प्रस्ताव

आदेश में यह भी कहा गया है कि जिन विभागों के कुछ पद अभी समयमान वेतनमान योजना में शामिल नहीं हैं, वे संबंधित प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजेंगे ताकि उन्हें भी इस व्यवस्था के दायरे में लाया जा सके।

### क्या है इस फैसले का महत्व?

राज्य सरकार के इस निर्णय से वर्षों से विभिन्न विभागों में अलग-अलग नियमों के तहत चल रही पदोन्नति वेतनमान योजनाओं का दायरा सीमित हो जाएगा। नई नियुक्तियों के लिए वेतन उन्नयन का आधार पूरी तरह समयमान वेतनमान होगा, जबकि पुराने कर्मचारियों को अपने हित के अनुसार व्यवस्था चुनने का अवसर दिया गया है। इससे भविष्य में वेतन निर्धारण और सेवा शर्तों में एकरूपता आने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### पोलियो से बचाव के लिए 28 को अभियान, 3.45 लाख बच्चों को पिलाएंगे दवा

**रायपुर।** पोलियो से बचाव के लिए तीन दिनी अभियान चलाया जाएगा। 28 जून को 1331 बूथ में दवा पिलाने के बाद 29 और 30 जून को मॉपअप राउंड के माध्यम से घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। जिले में 3 लाख 45 हजार 373 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में रेडकॉस सभा कक्ष, कलेक्टोरेट परिसर रायपुर में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक हुई।

### आंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास सम्मेलन आज

**रायपुर।** नगरघड़ी चौक स्थित डॉ. बाबा साहब आंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास 10 जून को एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन शाम 5 बजे किया गया है। सम्मेलन में जाति प्रमाणपत्र को लेकर केंद्र सरकार द्वारा 10 जून 2025 को जारी नए दिशा निर्देशों को छत्तीसगढ़ में जमीनी स्तर पर लागू करने की मांग को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया जाएगा। विदित हो, केंद्र सरकार ने जाति प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में 1 वर्ष नया दिशा-निर्देश जारी किया है, जिसमें पुरानी 1950 की कट-ऑफ डेट को हटाकर नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में समाजजन आंबेडकर प्रतिमा के पास एकत्रित होकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने जुटेंगे।

### रावांभाठा में सुशासन तिहार के विरोध में आज कांग्रेस का घेराव

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बीरगांव की संयुक्त बैठक में क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं भाजपा सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे सुशासन तिहार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा सरकार के सुशासन तिहार की वास्तविकता जनता के सामने लाने तथा क्षेत्र की अनसुलझी समस्याओं के विरोध में 10 जून को प्रातः 11 बजे ईएसआई हॉस्पिटल के सामने, रावांभाठा में विरोध प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्रियों और परिवहन मंत्री ने की समीक्षा

# तकनीक, प्रशिक्षण और सख्त निगरानी से सड़क हादसों पर लगाम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए तकनीक आधारित निगरानी, बेहतर चालक प्रशिक्षण, वाहनों की वैज्ञानिक फिटनेस जांच और यातायात नियमों के प्रभावी पालन पर सरकार ने विशेष जोर दिया है। मंत्रालय में आयोजित राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक अनुज शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक वाहन फिटनेस केंद्रों, ई-ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक, एएनपीआर कैमरों और स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम का विस्तार किया जा रहा है। जनवरी से मई 2026 तक 31 हजार 604 वाहनों की फिटनेस जांच की गई, जबकि 61 हजार से अधिक चालान तकनीकी निगरानी तंत्र के माध्यम से जारी किए गए।

## 61 हजार चालान और 31 हजार से अधिक वाहनों की फिटनेस जांच




### सड़क सुरक्षा सामूहिक जवाबदेही : साव



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जवाबदेही है। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क इंजीनियरिंग, प्रभावी प्रवर्तन और जन-जागरूकता के समन्वित प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने तथा जागरूकता अभियानों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

### जनहानि रोकना प्राथमिकता : शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से यातायात नियमों के पालन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रवर्तन एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय तथा नियमों के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही युवाओं और विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

### तकनीक, प्रशिक्षण पर जोर- कश्यप

परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए तकनीक, प्रशिक्षण, जन-जागरूकता और प्रभावी प्रवर्तन व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सुरक्षित यातायात व्यवस्था विकसित करने तथा सड़क सुरक्षा को जनभागीदारी का अभियान बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### 31 हजार 606 वाहनों की फिटनेस जांच

बैठक में जानकारी दी गई कि रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, कोरबा, जांजगीर-चांपा और रायगढ़ सहित विभिन्न जिलों में संचालित आधुनिक फिटनेस केंद्रों में जनवरी से मई 2026 के दौरान 31 हजार 604 वाहनों की फिटनेस जांच की गई है। सुरक्षित और कुशल ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए कई जिलों में ई-ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक संचालित किए जा रहे हैं, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में आठ नए जिलों में इनके निर्माण की प्रक्रिया जारी है। बिलासपुर और जगदलपुर में क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र तथा 14 जिलों में ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं।

### 2 लाख 68 हजार 316 वाहनों में स्पीड गवर्नर

प्रदेश में यातायात नियमों के प्रभावी पालन के लिए 174 एएनपीआर कैमरे और सात लिडार आधारित स्पीड कैमरे स्थापित किए गए हैं। इनके माध्यम से जनवरी से मई 2026 तक 61 हजार से अधिक चालान जारी किए गए। वहीं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अब तक 2 लाख 68 हजार 316 वाहनों में स्पीड गवर्नर लगाए जा चुके हैं। नवा रायपुर स्थित आईडीटीआर में वाहन चालकों को आधुनिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्ष 2025 में 15 हजार 779 तथा वर्ष 2026 में अप्रैल तक 4 हजार 64 वाहन चालकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। यातायात नियमों के उल्लंघन पर जनवरी से अप्रैल 2026 तक 2.86 लाख वाहनों से 62.21 करोड़ रुपये का शमन शुल्क वसूला गया है। गंभीर उल्लंघनों के मामलों में वर्ष 2025-26 के दौरान 7 हजार 434 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित अथवा निरस्त किए गए हैं।

# खाद-बीज की किल्लत और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ कल कलेक्टर का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जोरा मंडल की बैठक में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को समय पर यूरिया, डीएपी, पोटाश एवं अन्य आवश्यक उर्वरक उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है। खरीफ सीजन प्रारंभ होने के बावजूद किसान खाद-बीज के लिए समितियों और बाजारों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

■ जिला कांग्रेस कमेटी की जोरा मंडल की बैठक में निर्णय

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसानों की समस्याओं एवं भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में 11 जून गुरुवार को प्रातः 11 बजे रायपुर कलेक्टर कार्यालय का घेराव एवं प्रदर्शन किया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, भाजपा सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी, पोटाश तथा गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, जबकि धरातल पर किसान परेशान हैं।

### ये थे मौजूद

*बैठक में पूर्व विधायक अनीता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस उधो वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के अध्यक्ष आशीष वर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित वर्मा, जयंत साहू, भावेश बघेल, डोमेश्वरी वर्मा, हरिशंकर निषाद, कमल भारती, जोरा मंडल के अध्यक्ष रंजीत गायकवाड, जनपद सदस्य बरखा लोकेश साहू, दीपा साहू, खेम देवांगन, जनक खेलवार, अरुण लहरी, जागेश्वर कुर्रे, गंगाराम चेलक, सुभाष कुर्रे, प्रदीप पुरी गोस्वामी, मनहरण साहू, सैकड़ो की संख्या में धरसींवा विधानसभा एवं जोरा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

# स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट में राज्य के चार प्रमुख शहरों में 240 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के निर्णय का परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रही है। कैबिनेट के इस निर्णय से शहरी परिवहन व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। परिवहन मंत्री ने कहा, इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। वहीं प्रदूषण में कमी लाने और स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देने में भी यह पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राज्य सरकार का प्रयास है कि सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुविधाजनक, भरोसेमंद और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाए। ई-बसों के संचालन से शहरों में आवागमन आसान होगा तथा आम नागरिकों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिवहन सेवा का लाभ मिलेगा।

■ सार्वजनिक परिवहन को नई रफ्तार, चार शहरों में दौड़ेंगी 240 ई-बसें – कश्यप

### परिवहन क्षेत्र में लगातार कर रही सुधार

परिवहन मंत्री ने कहा, सरकार परिवहन के क्षेत्र में लगातार नवाचार और सुधार कर रही है। 240 ई-बसों का संचालन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे प्रदेश के नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

# स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी का आईपीओ विद्युत मंडल को बेचने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



साय मंत्रीमंडल द्वारा राज्य के पावर ट्रांसमिशन कंपनी को स्टाक मार्केट में लिस्टेड करने के निर्णय का कांग्रेस ने विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, साय सरकार प्रदेश के स्वामित्व वाली सरकारी कंपनी को शेयर मार्केट में लिस्टेड करके शेयर के माध्यम से उसको निजीकरण की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की विद्युत कंपनियां आत्मनिर्भर हैं तथा बिजली बनाने का पूरा संसाधन राज्य के पास उपलब्ध है। राज्य में बनने वाली बिजली को वितरण का काम पावर ट्रांसमिशन कंपनी के पास है। सरकार इसका शेयर निकालकर उद्योगपतियों को पिछले दरवाजे से बेचने का प्रयास कर रही है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि राज्य विद्युत वितरण कंपनी को अडानी को सौंपने के उद्देश्य से इसका शेयर निकाला जा रहा है।

### किसानों को झूठा प्रलोभन

उन्होंने कहा, मंत्रिमंडल ने खरीफ फसल में 15000 देने का निर्णय किसानों से छलावा है। प्रदेश के 99 प्रतिशत किसान खरीफ में धान की फसल लेते हैं। धान की फसल छत्तीसगढ़ के किसानों के लिये जीवन आधार है। धान की फसल के लिये रासायनिक खाद की व्यवस्था नहीं कर पा रही साय सरकार खरीफ की फसल से धान के अलावा अन्य फसल लेने पर 15000 रुपए प्रति क्विंटल देगी। प्रश्रय राशि देने की घोषणा कर किसानों को झूठा प्रलोभन दे रही है।

# पीएम मोदी के 12 साल पूरे होने पर आज भाजपा करेगी प्रदेश में हर विधानसभा के मंदिरों में पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में बुधवार को 12 साल पूरे होने पर भाजपा संगठन ने प्रदेश में विधानसभा स्तर पर मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक पूजा-अर्चना का कार्यक्रम रखा है। इसमें प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसद, जन प्रतिनिधियों के साथ भाजपा के नेता भी शामिल होंगे। राजधानी की चारों विधानसभाओं के साथ ही मंडल स्तर पर मंदिरों में आयोजन किया गया है।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर भाजपा का राष्ट्रीय संगठन देश भर में पखवाड़े भर आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा संगठन भी यहां पर लगातार आयोजन कर रहा है। पर्यावरण दिवस से कार्यक्रमों का



आगाज हुआ है। इसके बाद से लगातार कार्यक्रम हो रहे हैं।

### राजधानी में तीन दर्जन मंदिरों में आयोजन

राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में तो आयोजन हो रहे हैं। लेकिन इसी के साथ रायपुर के 20 मंडलों में भी आयोजन किया जा रहा है। कुल मिलाकर तीन दर्जन से ज्यादा मंदिरों में पूजा-अर्चना का कार्यक्रम रखा गया है। रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर किया गया है। रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी द्वारा काली माता मंदिर में पूजा-अर्चना का आयोजन 11.00 बजे रखा गया है। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने महादेव घाट में शाम को छह बजे खारून आरती का आयोजन किया है। रायपुर ग्रामीण में भी आयोजन रखा गया है।

### हर विधानसभा में आयोजन

प्रदेश भाजपा के नेताओं के मुताबिक हर विधानसभा में मंदिरों में पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया है। जहां विधानसभा में एक बड़ा आयोजन होगा, वहीं विधानसभा के मंडलों, शक्ति केंद्रों और बूथों के भी मंदिरों में कार्यकर्ता पूजा-अर्चना का आयोजन करेंगे। प्रदेश संगठन से जुड़े मोर्चा और प्रकोष्ठ द्वारा भी अलग से आयोजन किया जा रहा है। महिला मोर्चा की अध्यक्ष विभा अवस्थी ने बताया महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश भर के प्राचीन मंदिरों में पूजा-अर्चना का कार्यक्रम रखा गया है।

# इंडियन ऑयल के प्रदेश मुख्यालय का कांग्रेस ने किया घेराव

## पेट्रोल-डीजल, गैस के दाम बढ़ने पर जताया आक्रोश, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में गैस के दाम में किए गए दो माह में 90 रुपए की वृद्धि, रसोई गैस, पेट्रोल ,डीजल की पंपों और एजेंसियों में अनउपलब्धता तथा महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने इंडियन आयल के प्रदेश मुख्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान इंडियन ऑयल एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को केंद्र और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर ने मोदी सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के सिलेंडर को 9 की जगह मात्र 4 सिलेंडर एक वर्ष में दिए जाने की घोषणा के ख़िलाफ़ और मोदी सरकार के कदमों को आम जनता के साथ धोखा बताया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के



कार्यकाल को याद कराते कहा, उस दौर में भी मंदी थी और पूरा विश्व इसकी चपेट में था, लेकिन सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण भारत उस प्रकोप से बचा रहा। आज मोदी की सरकार ने 12 साल में अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया है। आज अमीर हो या ग़रीब सभी आर्थिक तंगी के कारण परेशान हैं। राशन, पेट्रोल, डीजल, यात्रा, खाद्य पदार्थ सहित हर चीज का दाम बढ़ता जा रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

### जनता को लूटने का हो रहा काम

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने मोदी सरकार को महंगाई बढ़ाने और आम आदमी की कमर तोड़ने वाली नीतियां बनाने का आरोप लगाया। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने केंद्र एवं राज्य शासन पर आरोप लगाया की सरकारें चुनाव के पहले आम जनों को वोट बटोरने के लिए नए नए सब्जबाग दिखाती है और चुनाव जीत जाने के बाद नए नए तरीके से जनता को लूटने का काम करती हैं।

### ये रहे उपस्थित

प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दूबे, विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, देवेंद्र यादव, सुंदर जोगी, किरण सिन्हा, सुशांत डे, प्रशांत ठेंगड़ी, दिनेश ठाकुर, सचिन अग्रवाल, डॉ. अनुराम साहु, राकेश धोत्रे, अरुण जघेल, कमलाकांत शुक्ला, अभिनय दुबे, इरफान कुरैशी, दीपक चौबे, सुरेश जैन, सुरेश धीवर, राज देवांगन, सौरभ तिवारी, अनिल रायचूरा, कृष्णकांत साहू, जीतू भारती, वास्टो बेहरा, नंदू सिन्हा, सतू सिंह, विजय कुमार टंडन, हिरेंद्र देवांगन, विनोद सिंह ठाकुर, ओम श्रीवास, सुधा सरोज, मिलिंद गौतम, सुजीत सिंह, कमल धतलहरे आदि उपस्थित थे।

## दलहन, तिलहन, मक्का, रागी, कपास जैसी फसलों को किया जाएगा प्रोत्साहित

# सरकार ने किसानों के लिए खोला पिटारा, धान छोड़ वैकल्पिक फसल उगाने पर मिलेंगे 15 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़ा बड़ा फैसला लिया गया। राज्य सरकार ने खरीफ 2026 से लागू होने वाली "कृषक उन्नति योजना" के नए स्वरूप को मंजूरी दे दी है। योजना के तहत अब किसानों को धान की जगह दूसरी फसलें उगाने पर प्रति एकड़ 15 हजार रुपए की आदान सहायता दी जाएगी।

सरकार का उद्देश्य राज्य में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, धान पर अत्यधिक निर्भरता कम करना और किसानों की आय में वृद्धि करना है। नई



योजना के तहत दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास जैसी फसलों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### इन फसलों पर मिलेगा लाभ

कैबिनेट के फैसले के अनुसार, जो किसान खरीफ सीजन में धान की जगह वैकल्पिक फसलें उगाएंगे, उन्हें प्रति एकड़ 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसमें मुख्य रूप से दलहन और तिलहन के साथ-साथ मोटे अनाज और कपास जैसी फसलें शामिल हैं। सरकार का मानना है कि इससे किसानों को बेहतर बाजार विकल्प मिलेंगे और खेती अधिक लाभकारी बन सकेगी। साथ ही जल संरक्षण और मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने में भी मदद मिलेगी।

### ऐसे मिलेगा योजना का लाभ

योजना का लाभ एकीकृत किसान पोर्टल, एग्रीस्टेक पंजीयन और डिजिटल क्रॉप सर्वे के आधार पर मिलेगा। सरकार का मानना है कि इससे वैकल्पिक फसलों का रकबा बढ़ेगा, किसानों की आय में सुधार होगा और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### जारी रहेगा चना वितरण

कैबिनेट ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में पात्र हितग्राहियों को चना वितरण जारी रखने का फैसला किया है। राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को इसके लिए नेकडेक्स-ई-मार्केट के ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म से चना खरीदने की अनुमति दी गई है। साथ ही वर्तमान व्यवस्था को अप्रैल से जून तक तीन माह के लिए बढ़ाने का भी अनुमोदन किया गया है। इससे खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनाओं में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

योग अब चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन : कैबिनेट ने योग विषय को समाज कल्याण विभाग से हटाकर चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन करने का निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप



### स्कूल के पीछे चल रही अवैध मटन-चिकन दुकान का शेड ढहाया, सामान जब्त

**रायपुर।** राजधानी के तेलीबांधा क्षेत्र में जेआर नायडू स्कूल के पीछे अवैध रूप से संचालित अवैध चिकन-मटन की दुकान पर मंगलवार को नगर निगम जोन 3 के नगर निवेश विभाग ने कार्रवाई की। लोगों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अमले ने अभियान चलाकर दुकान के टिन शेड को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ने हुए वहां रखे सामान की जब्ती कर स्कूल क्षेत्र से अवैध रूप से संचालित अवैध चिकन-मटन दुकान को हटा दिया। जोन 3 कमिश्नर प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, सहायक अभियंता नरेश साहू, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में तेलीबांधा में जेआर नायडू स्कूल के पीछे संचालित अवैध चिकन-मटन दुकान को मशीन से तोड़कर जन शिकायत दूर की।

### आदिवासी कांग्रेस ने मनाई भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि



रायपुर। आदिवासी कांग्रेस के रायपुर शहर के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी और 'धरती आबा' के नाम से प्रसिद्ध भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनके बलिदान को याद किया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जनक ध्रुव के आदेशानुसार आदिवासी कांग्रेस के रायपुर शहर अध्यक्ष दीपेश कृपाल के नेतृत्व में किया गया।

## निधन

### फिलिप रॉड्रिक्स

**रायपुर।** सिमरन सिटी निवासी मार्क फिलिप रॉड्रिक्स (69) का 9 जून को निधन हो गया। उनका



अंतिम संस्कार 10 जून को सुबह 11 बजे अरविंद नगर टिकरापारा सीएनआई कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे विविन रॉड्रिक्स के पति, तिमोथी, रेचल रॉड्रिक्स के पिता और भाजपा के पूर्व विधायक बर्नार्ड रॉड्रिक्स एवं एरिल रॉड्रिक्स के भाई थे। वे असेंबली ऑफ गॉड चर्च के वरिष्ठ धर्मगुरु एवं कैपिटल पास्टर फैलोशिप के अध्यक्ष थे।

# एक दशक से डायवर्सन शुल्क की वसूली नहीं, करोड़ों रुपए बकाया

**एसडीएम मामले में सख्त, सभी तहसीलदारों को दिए अभियान चलाकर वसूली करने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में करीब एक दशक से लोगों ने जमीन का डायवर्सन शुल्क का भुगतान नहीं किया है, जिससे बकाया राशि बढ़कर 7 से 8 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। बकाया राशि का यह आंकड़ा जिले में दो से तीन गुना अधिक है। इस बकाया डायवर्सन शुल्क की वसूली करने के लिए, अब एसडीएम नंदकुमार चौबे ने सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी तहसीलदारों को अभियान चलाकर डायवर्सन शुल्क वसूलने कहा है, ताकि शासन के राजस्व का नुकसान बचाया जा सके।

**पंचायत उपकर हर वर्ष करना है जमा**

राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जमीन का डायवर्सन कराने पर प्रीमियम राशि एकमुश्त में जमा करनी होती है। इसके अलावा पर्यावरण, भू-राजस्व एवं पंचायत उपकर शुल्क हर साल पेय करना होता है। रायपुर सहित जिले के चारों ब्लॉक क्षेत्र में ऐसे हजारों लोग हैं, जिन्होंने डायवर्सन कराने के दौरान शुल्क जमा किया, लेकिन इसके बाद सालाना शुल्क जमा ही नहीं किया। सूत्र के अनुसार रायपुर तहसील क्षेत्र की बात करें, तो यहां भी 4 से 5 हजार लोगों ने सालाना शुल्क कई वर्षों से जमा नहीं कराया है, जिनमें बहुतों को तो एक दशक से अधिक समय हो चुका है।

**आवासीय, व्यावसायिक एवं औद्योगिक क्षेत्र के लिए अलग-अलग शुल्क**

डायवर्सन में भी लैंड यूज के अनुसार अलग-अलग शुल्क निर्धारित है। इसके तहत कृषि से आवासीय, आवासीय से व्यावसायिक एवं व्यावसायिक से औद्योगिक क्षेत्र के लिए जमीन का डायवर्सन होने पर प्रीमियम राशि से लेकर अन्य सालाना शुल्क भी अलग-अलग है।

**सालाना शुल्क जमा नहीं करने के बाद भी हो रही रजिस्ट्री**

पिछले एक दशक से जिलेभर में लाखों रजिस्ट्री हुई है। इनमें हजारों रजिस्ट्री ऐसी वाली जमीन एवं संपत्तियों की हुई है, जिसमें जमीन का डायवर्सन होने के बाद सालाना जमा कराने वाला शुल्क जमा नहीं कराया गया है।

**आसानी से हो रही रजिस्ट्री**

किस जमीन पर कितना डायवर्सन शुल्क बकाया है, इसकी जानकारी ऑनलाइन नहीं हो पाई है। यही वजह है कि लाखों रुपए का शुल्क बकाया होने के बावजूद जमीन की खरीदी-बिक्री के साथ उसकी रजिस्ट्री भी हो जाती है।

**साफ्टवेयर किया जा रहा अपडेट, ऑटोमेटिक दिखेंगे बकायादारों के नाम**

राजस्व अधिकारियों के अनुसार डायवर्सन शुल्क की राशि ऑनलाइन जमा करने के लिए अब साफ्टवेयर को अपडेट किया जा रहा है। इसके बाद साफ्टवेयर में नए और पुराने सभी डायवर्सन शुल्क की जानकारी उसमें दिखाई देगी। साफ्टवेयर को इस तरह बनाया जा रहा है कि किसका डायवर्सन शुल्क बकाया है, वह ऑटोमेटिक पोर्टल पर दिखाई देगा, जिसे तुरंत राशि जमा करने नोटिस जारी किया जाएगा।

**अभियान चलाने के लिए कहा है**

डायवर्सन बकाया राशि की वसूली करने तहसीलदारों को अभियान चलाने के लिए कहा है। अब सख्ती के साथ वसूली की जाएगी।
*नंदकुमार चौबे, एसडीएम रायपुर*

**ऑनलाइन होते ही ऑटोमेटिक बकायादारों के नाम दिखेंगे**

डायवर्सन शुल्क से संबंधित पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन होने वाली है। इसके लिए साफ्टवेयर तैयार हो रहा है। ऑनलाइन होते ही नए और पुरानी जमीनों के डायवर्सन शुल्क जमा नहीं किए है, इसकी जानकारी ऑटोमेटिक सामने आ जाएगी। इसके आधार पर तहसीलदार बकाया राशि जमा करने नोटिस जारी करेंगे। बकाया राशि जमा नहीं करने पर खरीदी-बिक्री पर लगेगी रोक।
*रवि सिंह, एसडीएम अभनपुर*

## मूणत की मौजूदगी में कार्ययोजना पर हुई चर्चा

# 113 करोड़ से दमकेगा खारुन रीवर फ्रंट, महादेवघाट बनेगा भव्य शिवधाम

जीवनदायिनी खारुन नदी तट और ऐतिहासिक महादेवघाट का कायाकल्प उसके विकास तथा सौंदर्यीकरण के लिए तीन विभागों को जिम्मा मिला है, जिसमें 113 करोड़ रुपए की योजना पर जल्द काम शुरू होगा। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में नगर निगम के नए आयुक्त संबित मिश्रा की मौजूदगी में लोक निर्माण, नगर निगम और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर इस कार्ययोजना का खाका तैयार किया गया।



*विधायक राजेश मूणत की अध्यक्षता में लोक निर्माण, नगर निगम और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक*

**ये रहे उपस्थित**

*बैठक में रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता इमरान खान, जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता राजीव नशीने सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस मौके पर राजेश मूणत ने इस कार्य योजना का ले-आउट देखकर कहा कि प्रत्येक विभाग आपस में समन्वय कर ले, ताकि कार्यो का दोहराव न हो। उन्होंने ये भी कहा कि मां खारुन रायपुर की जीवनदायिनी नदी है और महादेवघाट भगवान शिव का स्थान, इसलिए यहां विकास और सौंदर्यीकरण कार्य ऐसा अनुपम और सुंदर रूप से कराया जाए, जिससे यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं को अद्भुत अनुभूति हो।

हरिभूमि सरोकार

**तीन विभागों के समन्वय से तैयार हुई कार्ययोजना**


*इस वृहद योजना के तहत तीन अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। इसमें नगर निगम रायपुर महादेवघाट पर आकर्षक फसाड, भव्य एंट्री गेट, मंदिर का स्वागत द्वार बनवाएगा। इसके साथ ही बैरिकेडिंग, दुकानों की एकरूपता, विशाल शिवलिंग, भगवान भोलेनाथ की विशाल मूर्ति, लैंड स्कैपिंग और पेवर लगाने का कार्य करेगा। लोक निर्माण विभाग नदी के किनारे मजबूत रिटेनिंग वॉल का निर्माण कराएगा, घाट की सीढ़ियां यानी स्लोपिंग स्टेप्स और आधुनिक विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगा। जल संसाधन विभाग नदी के प्रवाह और तट की सुरक्षा से जुड़े तकनीकि कार्यों को कराएगा। इस महत्वपूर्ण योजना में लोक निर्माण विभाग 84.15 करोड़ की लागत से खारुन रिवर फ्रंट के निर्माण विकास और सौंदर्यीकरण, रायपुर नगर निगम द्वारा 18.86 करोड़ की लागत से महादेवघाट जीर्णोद्धार कार्य कराया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर किया जा चुका है। जल संसाधन विभाग 10 करोड़ के अन्य कार्य करेगा।*

# कंकाली तालाब की सुंदरता पर ग्रहण काई जमी, पूजन सामग्री-कूड़ा भी

## सरोवर धरोहर के संरक्षण में चूक रहा निगम

*स्वच्छता की परख के लिए केंद्रीय टीम, शहर में ऐतिहासिक स्थल की सफाई में अनदेखी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित ब्राम्हणपारा वार्ड के ऐतिहासिक कंकाली तालाब की सुंदरता को ग्रहण लग गया है। तालाब की एक अरसे से सफाई नहीं होने और पूजन सामग्री को तालाब में विसर्जित करने के कारण तालाब में कूड़ा करकट के साथ पूजन सामग्री तैरने लगी है।

इस ओर न तो नगर निगम के स्वच्छता विभाग का ध्यान जा रहा है, न ही जोन स्तर के अधिकारी तालाब की सफाई की निगरानी कर रहे, जबकि रायपुर शहर की स्वच्छता का आकलन करने इन दिनों दिल्ली से केंद्रीय टीम इस समय शहर में है। केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर यह टीम लोगों से शहर की सफाई को लेकर फीडबैक भी ले रही है।

**तीन साल पहले हुआ था तालाब का व्यापक सौंदर्यीकरण**

*पूववर्ती कांग्रेस शासन काल में शहर के 650 साल पुराने ऐतिहासिक और प्राचीन कंकाली तालाब का भव्य सौंदर्यीकरण कार्य अप्रैल 2023 में कराया गया था। पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में इस ऐतिहासिक धरोहर को सहेजने के लिए करीबन 1.38 करोड़ रुपए खर्च कर तालाब के चारों ओर करीबन 350 वर्गमीटर हिस्से में धौलपुर के रेड स्टोन लगाए गए। इसके सौंदर्य को बढ़ाने के लिए तालाब के 28 बड़े स्तंभों पर आकर्षक लाइटिंग लगाई गई और करीबन 400 मीटर क दायरे में स्टेनलेस स्टील की रेलिंग भी लगाई गई। इसके अलावा घाटों की मरम्मतऔर सीढ़ियों की पेंटिंग कराई गई थी। कंकाली तालाब अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस तालाब में स्नान करने से चर्म रोग ठीक होते हैं। ऐतिहासिक तालाब में डूबे शिव मंदिर व कंकाली माता मंदिर के कारण यह रायपुर की प्राचीन धरोहरों में बेहद खास स्थान रखता है। तालाब के कुछ कोनों पर कचरा और डिस्पोजल की सामग्री जमा होना एक बड़ी समस्या रही है।*

**स्वच्छता सर्वेक्षण में कराई सफाई**

कंकाली तालाब की रूटीन में सफाई करवाते हैं, हाल ही में स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में सफाई करवाई थी। कुछ लोग तालाब में पूजा सामग्री डाल देते हैं, उसे निकालने के लिए सफाई कर्मचारी लगाएंगे।
डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कमिश्नर, जोन क्रमांक 4

**जोन अध्यक्ष का व्यू**

तालाब के सफाई की जरूरत है, इस ओर ध्यान दिया जाएगा, शहर के मध्य स्थित कंकाली तालाब में बारह माह पानी भरा रहता है, लोगों की आस्था इससे जुड़ी हुई है, इसे संरक्षित करने की जरूरत है।
- मुरली शर्मा, अध्यक्ष, जोन क्रमांक 4

## पजे 13 के शेष

### नापजोख से आगे नहीं बढ़ा डीके...

मरीज हित में करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए बंद दुकानों की जरूरी मरम्मत कर उसे वार्ड बनाकर वहां मरीजों को भर्ती करने पर जोर दिया गया था। सीएमई के जाने के कुछ दिनों बाद सीजीएमएससी के कुछ कर्मचारियों ने आकर इन दुकानों के भीतर और बाहर काफी देर तक नापजोख की थी। इस प्रक्रिया से इस बात का अनुमान लगाया जा रहा था कि जल्दी ही रिनोवेशन की प्रक्रिया शुरू होगी और ज्यादा मरीजों को इलाज का लाभ मिलेगा। नाप जोख करने वाली टीम लौटी, इसके बाद जरूरी मरम्मत के लिए किसी तरह का काम अथवा टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं हुई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अस्पताल से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि अभी ज्यादा आवश्यकता न्यूरो सर्जरी विभाग के विस्तार की है। इसके लिए पृथक से बिल्डिंग बनाने की योजना है जो अभी भी फंड के अभाव में अटका हुआ है।

### एमसीएच हास्टल का काम चल...

उस दौरान कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा ने यहां एमसीएच की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों की आवास सुविधा के लिए हास्टल निर्माण का काम शीघ्र शुरू करने पर जोर दिया था। इसके बाद सीजीएमएससी के काम में तेजी आई और निर्माण कार्य शुरू हो गया। एमसीएच का काम अगली गर्मी तक पूरा होने की उम्मीद है। इस हास्टल बनने के बाद हास्पिटल में संचालित कुछ अन्य सुपरस्पेशलिटी विभागों में सीट बढ़ने के रास्ते खुलेंगे। यहां हास्टल के अभाव की वजह से एनएमसी से भी कई बार आपत्ति दर्ज कर चुकी है।

### पार्किंग की समस्या...

बन जाती है। पिछले दिनों भारी गर्मी की वजह से यहां खड़ी एक गाड़ी में आग लग गई थी। उस दौरान वाहनों की पार्किंग के लिए सही स्थल का चुनाव करने का मसला भी उठा था।

### वाहन चलाने के विवाद पर युवक...

साथी भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित का आरोप है कि सभी ने मिलकर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। युवक का आरोप है कि इस दौरान उसके हाथ में पहनी हुई सोने की अंगूठी भी गायब हो गई। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। आरोपी दो युवकों की पहचान राजीव और दिग्वेश के रूप में हुई है, अन्य आरोपियों का पता लगाया जा रहा है।

### नहीं जुड़ेंगे ओवर अटेम्प के...

फॉर्मूला समझाया है। सीबीएसई बोर्ड ने साफ किया है कि यह अंतर किसी गड़बड़ी की वजह से नहीं, बल्कि 'ओवर अटेम्प्ट' से जुड़े एक खास नियम के कारण दिख रहा है। दरअसल, सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में प्रश्नों के अंदर कई आंतरिक विकल्प दिए जाते हैं, लेकिन कई बार स्टूडेंट्स अति उत्साह या भ्रम में आकर तय संख्या से ज्यादा सवालों के जवाब लिख देते हैं।ऐसे में छात्र की तरफ से हल किए गए सभी अतिरिक्त प्रश्न भी चेक किए जाते हैं, लेकिन केवल उन्हीं प्रश्नों के अंक जोड़े जाते हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मार्क्स मिले हों। जिन अतिरिक्त प्रश्नों में कम अंक होते हैं, उन्हें सिस्टम 'ओवर अटेम्प्ट' मानकर कुल योग से बाहर कर देता है। यही वजह है कि छात्र जब सारे प्रश्नों के नंबर खुद जोड़ते हैं तो उनका टोटल बोर्ड के फाइनल टोटल से ज्यादा बैठता है।

### सालभर में बिके 50 हजार...

बिक रहे हैं। इसी के साथ हर माह एक हजार से ज्यादा ई-रिक्शा भी बिक रहे हैं। जहां तक कारों का सवाल है तो इसका आंकड़ा कम है। कारें हर माह दो से तीन सौ के आस-पास ही बिक रही हैं। कुल मिलाकर साल भर में जहां 30 से 35 हजार दुपहिया बिक रहे हैं, वहीं ई-रिक्शा 13 से 14 हजार बिक रहे हैं। कारों की बिक्री तीन हजार के आसपास ही है।

## बिजनेस साइट

# रेडक्रॉस सोसाइटी को राडा ने दिया 1 लाख रुपए का सहयोग

**रायपुर।** सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) ने रेडक्रॉस सोसाइटी के लिए 1 लाख की सहयोग राशि का चेक रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को सौंपा। इस अवसर पर राडा अध्यक्ष रविंदर भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, विवेक गर्ग, अभिनव ऋषि तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आशीष देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रविंदर भसीन ने संस्था द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि राडा समाज के प्रति अपने दायित्वों का निरंतर निर्वहन कर



रही है। हाल ही में संस्था ने दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के विद्यालय को बस उपलब्ध कराई थी। इसके अलावा सड़क सुरक्षा, हेलमेट जागरूकता और यातायात सुरक्षा संबंधी अभियान भी नियमित रूप से संचालित किए जा रहे हैं। कैलाश खेमानी ने भविष्य में भी प्रशासन और जरूरतमंद संस्थाओं को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने राडा के योगदान की सराहना करते हुए इसे समाज सेवा की दिशा में प्रेरणादायी पहल बताया।

**// आम सूचना//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अगस्त कुमार यादव पिता श्री बैजनाथ प्रसाद यादव पता शिवानंद नगर रायपुर (छ.ग.) व प्रदीप गोयल पिता सीताराम गोयल पता मोवा रायपुर (छ.ग.) द्वारा, 1. भूपेन्द्र कुमार उर्फ भूपेन्द्र, पिता देवराम 2. घनश्याम सूर्यवंशी, पिता रामसेवक सूर्यवंशी 3. धनेश सूर्यवंशी, पिता रामसेवक सूर्यवंशी 4. श्याम प्रकाश सूर्यवंशी, पिता सियालाल सूर्यवंशी 5. तरंजीत सूर्यवंशी, पिता देवराम सूर्यवंशी 6. मंजू सूर्यवंशी 7. चन्द्ररेखा भारती 8. कुंती सूर्यवंशी 9. संतोष कुमार सूर्यवंशी (विक्रेतागण) पता सतनामी परा ग्राम कठिया रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि, स्थित ग्राम कठिया, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 493, कुल रकबा लगभग 60 एकड़ (राजस्व अभिलेखानुसार) को क्रय करने का सौदा किया गया है। उक्त सौदे के संबंध में अग्रिम प्रतिफल राशि प्राप्त करते हुए इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है तथा शेष प्रतिफल राशि के भुगतान उपरांत विक्रय विलेख (बैनामा) का पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कंपनी, बैंक, वित्तीय संस्था, ट्रस्ट अथवा अन्य किसी का उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का स्वामित्व, हक, दावा, बंधक, भार, अनुबंध, न्यायालयीन विवाद, उजर अथवा आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर समस्त दस्तावेजी प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें।

निर्धारित अवधि में कोई दावा अथवा आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार, हित अथवा दावा शेष नहीं है तथा तत्पश्चात प्राप्त किसी भी दावा अथवा आपत्ति के लिए मेरे मुवक्किल उत्तरदायी नहीं होंगे।

// सो सूचना जाने //

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 09.06.2026

भवदीय(अधिवक्ता गजेन्द्र यादव)
जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर (छ.ग.)
बार रूम नं. 110, टेबल नं. 41
मो. नं. 9770686321

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि विक्रेतागणों के स्वामित्व आधिपत्य एवं कब्जे की भूमि वाके मौजा ग्राम रजकट्टी प.ह.नं. 00007, रा.नि.मं.- राजिम, तहसील राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.) खसरा नं. 590/1 रकबा 0.4600 हे. खसरा नं. 590/2 रकबा 0.4500 हे. खसरा नं. 594 रकबा 0.5900 हे. कुल खसरा03 कुल रकबा 1.5000 हे., एवं खसरा नं. 583 रकबा 1.7400 हे., खसरा नं. 586 रकबा 0.1800 हे. कुल खसरा नं. 02 कुल रकबा 0.6400 हे., खसरा नं. 593 रकबा 0.4300 हे. तथा खसरा नं. 595 रकबा 0.0100, खसरा नं. 596 रकबा 0.1700 हे., खसरा नं. 598 रकबा 0.2700 हे. कुल खसरा 08 कुल रकबा 1.3600 हे. भूमियों को विक्रेतागण कार्तिक राम पिता टहल राम, जागेश्वरी पति कार्तिक राम, मनीष पिता कार्तिक राम, आशीष पिता कार्तिक राम सभी वर्तमान निवासी- ग्राम टेमरी तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) से क्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर ब्याना के रूप में अग्रिम राशि प्रदान कर दी गई है तथा शेष रकम क्रेता द्वारा विक्रेतागणों को बैनामा पंजीयन के समय प्रदान कर दी जावेगी।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था बैंक बीमा निकाय शासकीय अर्द्धशासकीय, निगम निकाय आदि को किसी भी प्रकार से उजर आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय पता में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर दावा उजर आपत्ति प्रस्तुत कर देवे यदि नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार दावा उजर आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधन कारी नही होगी एवं उपरोक्त भूमियों को अपने या अपने द्वारा निर्देशित पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन क्रेता द्वारा करा ली जावेगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 09/06/26

भवदीय
श्रीमती भारती रात्रे (अधिवक्ता)
रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. : 9630241447

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के क्रमांक 184 दिनांक 07.02.2022 के द्वारा अटल विहार योजना गोबरा नवापारा में ई.डब्ल्यू.एस. भवन क्रमांक -1159 को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर को श्री बालाराम सुतार पिता भगवान सुतार के नाम एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि भुगतान कर पंजीयन कार्यालय से दिनांक 30.03.2022 को रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1150 दिनांक 07.04.2022 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है।

वर्तमान में श्री बालाराम सुतार पिता श्री भगवान सुतार निवासीः- पंचुमु भलियाडीही नयागढ़ उड़ीसा द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती खुशबू साहू पति श्री टाकेश कुमार साहू निवासीः- वार्ड नं 08 राम सागर पारा गिरौद तहसील मगरलोड जिला- धमतरी (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना गोबरा नवापारा में ई.डब्ल्यू.एस. भवन क्रमांक -1159 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
प्रक्षेत्र-नवा रायपुर अटल नगर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल कांदुल, रायपुर - 18 तहसील व जिला - रायपुर छ.ग.

**आम सूचना**

दिनांक :- 09/06/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण पंकज केशवानी पिता दिलीप कुमार केशवानी एवं अन्य 02 सभी निवासी गायत्री नगर, जगन्नाथ मंदिर वार्ड क्रमांक 28 शंकर नगर रायपुर छ. ग. द्वारा आवेदित ग्राम माना प.ह.न. 80 रा.नि.म. रायपुर - 18 कांदुल तहसील व जिला रायपुर (छ.ग ) स्थित भूमि खसरा नंबर 584 / 3 रकबा 0.3120 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर वर्तमान में दर्ज भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 15/05/2026 के परिपालन में दिनांक 25/06/2026 को किया जाना नियत किया गया है। उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत दिनांक / समय में हल्का पटवारी माना स्थित कार्यालय में अपने दस्तावेजो सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा ।

सो सूचना जाने

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. कांदुल

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला- रायपुर

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक- 26/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नकटी प.ह.न.-77 रा.नि.मं-सेरीखेड़ी 20 तहसील व जिला- रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक प्रशांत गुप्ता पिता प्रफुल्ल गुप्ता निवासी गुप्ता हॉस्टल जूनी लाईन बिलासपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 427/22क रकबा 0.0460 हे. के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./वाचक/अति. तहसीलदार/वर्ष 2026 आदेश दिनांक 11/05/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन /बटांकन दिनांक 16/06/2026 को समय 02.00 PM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रा.नि.मं. रायपुर-20
तहसील - रायपुर

**Chandroday Public School**

Affiliated to C.B.S. E.. New Delhi
Aff. No. 3330391, School Code:- 15941
Address:- Bagbahara Road, Mahasamund, Chhattisgarh
Cont-70671 95668, Website:-www.chandrodaymsmd.org,Email:-chandrodaypublic@gmail.com

**SITUATION VACANT**

Fresh Applications are invited from well qualified and professional candidates for the following posts for the session 2026-27 :-

| S.No | NAME OF POST | MINIMUM QUALIFICATIONS |
|---|---|---|
| 1. | PGT (Physics, Chemistry, Biology, Maths, Economics) | Masters in concerned subject with minimum 50% marks with B.Ed. |
| 2. | PGT (Physical Education) | B.PEd./M.PEd. with minimum 55% marks. |
| 3. | PGT (Artificial Intelligence/Data Science/Computational Thinking) | M.C.A/Bachelors/ Masters in A.I./Machine Learning/ Data Science/Computational Science with minimum 60% marks. |
| 4. | TGT (Science, Maths, Social Science) | Bachelors in concerned subject with minimum 50% Marks with B.Ed./D.El.Ed., Qualified CTET/CGTET Paper - II |
| 5. | PRT (Maths, Computer) | Passed Class XII with minimum 50% Marks with D.El.Ed./ B.El.Ed., Qualified CTET/CGTET Paper - I |
| 6. | Pre- Primary Teacher (NTT) | Passed Class XII with minimum 50% Marks with D.El.Ed. or Diploma in ECCE |
| 7. | Music Tutor | Working Knowledge of Music (Vocal/Instrumental) with Minimum 3-5 Years experience in Coaching/ Tutoring students. |
| 8. | Spoken English Tutor | Fluent in Spoken English with Minimum 3-5 Years experience in coaching/Tutoring students. |
| 9. | Sports Instructor (1- Male, 1- Female) | Working Knowledge of coaching students in any particular sports with Minimum 3-5 Years of experience. |

NOTE:- 1. Interested Candidates who wish to apply for the above posts can Mail their Resume / C.V. in the mail ID of School chandrodaypublic@gmail.com or can personally visit and submit their Resume to the school. Shortlisted candidates will be called for interview and demo.
2. Candidates applying for the above post must be fluent in English and should be able to teach in English Medium. Non-qualified candidates need not apply. Last day to apply for the above post is 30/06/2026 (Tuesday)
3. Salary commensurate with the experience of the candidate. Residential facilities will be provided for Outstation Teachers.

-PRINCIPAL

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दैनिक श्रमिकों की बैठक में ईपीएफ सहित मूलभूत श्रमिक अधिकारों की मांग



**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित शहीद उद्यान में मंगलवार को सर्व विभागीय दैनिक श्रमिक कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में उद्यानिकी विभाग के दैनिक श्रमिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में उद्यानिकी विभाग के 15-20 वर्षों से कार्यरत दैनिक श्रमिकों ने बड़ी संख्या में संगठन की सदस्यता ग्रहण करते हुए अपने श्रम अधिकारों की लड़ाई को संगठित रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। श्रमिकों ने बताया कि वर्षों से विभाग में निरंतर सेवा देने के बावजूद उन्हें कर्मचारी भविष्यनिधि (ईपीएफ), श्रम सम्मान राशि, साप्ताहिक अवकाश, प्रस्तुति अवकाश, अनुकम्पा सहायता तथा अन्य वैधानिक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। संगठन ने शासन एवं प्रशासन से मांग की कि लोक निर्माण विभाग में चल रही ईपीएफ कार्यवाही के अनुरूप उद्यानिकी विभाग सहित समस्त विभागों के पात्र दैनिक श्रमिकों को भी शीघ्र ईपीएफ का लाभ प्रदान किया जाए।

### शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि कल

रायपुर। लभांडी स्थित राधेश्याम भवन में 11 जून को सुबह 9 बजे शहीद पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. पं. विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इसी दौरान सुबह 11 बजे पं. विद्याचरण शुक्ल उद्यान, नगर पालिक निगम मुख्यालय रायपुर के सामने उनके चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई जाएगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के संरक्षक, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के सचिव व प्रवक्ता नितिन कुमार झा ने बताया कि छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा समस्त शुक्ल समर्थक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे।



### साहू समाज के सदस्यों ने प्रदेशभर में किया पौधारोपण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू के प्रदेशव्यापी पौधारोपण अभियान के आव्हान पर गत दिनों आईटी सेल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों द्वारा पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन का संदेश देते हुए समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आईटी सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू, राष्ट्रीय युवा सचिव मनीष कुमार साहू, सुखुराम साहू, सेवन साहू, मुन्ना साहू, भीष्म साहू, ओम साहू, नीतीश साहू, शिव साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

# हमर लैब बना अटल आरोग्य लैब, आउटसोर्सिंग के बाद सरकारी टेक्निशियन हुए बेकार

## संचालन के लिए एचएलएल हेल्थ केयर से करार, पहले विभागीय स्टाफ करता था काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला अस्पताल पंडरी समेत राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित हमर लैब का नामकरण अटल आरोग्य लैब करने के साथ उसकी आउटसोर्सिंग कर दी गई है। यहां जांच से लेकर रिपोर्ट तैयार करने का जिम्मा अनुबंधित एचएलएल हेल्थ केयर लिमिटेड को दिया गया है। प्राइवेट एजेंसी की एंट्री के बाद हमर लैब के टेक्निशियन बेकार हो गए हैं। निचले स्तर के हेल्थ सेंटरों में इनकी पोस्टिंग कर सुविधा में सुधार का विचार किया जा रहा है।

जिला अस्पताल पंडरी के माध्यम वर्ष 2021-22 में हमर लैब की शुरुआत की गई थी। यहां मरीजों को किफायती दरों में पैथोलॉजी संबंधी टेस्ट करने की सुविधा दी गई थी। इसके अलावा विभिन्न सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से सैंपल जांच के लिए यहां भेजे जाते हैं। समय-समय पर किट संबंधी दिक्कतों की वजह से चिकित्सा महाविद्यालयों से आने वाले सैंपलों की जांच के लिए यहां भेजे गए थे। हमर लैब का संचालन शासकीय स्तर पर किया जा रहा था और यहां के विशेषज्ञ से लेकर लैब टेक्निशियन शासकीय कर्मचारी थे। सुविधाओं को और विस्तार में अप्रैल में रायपुर समेत तमाम जिलों के हमर लैब के संचालन के लिए एचएलएल हेल्थकेयर नामक कंपनी से अनुबंध किया गया। इस दौरान हमर लैब को नाम बदलकर अटल आरोग्य लैब कर दिया गया। अनुबंध के अनुसार संबंधित कंपनी ने अपने विशेषज्ञ और लैब टेक्निशियनों की मदद से जांच शुरू की।

### इन स्वास्थ्य केंद्रों में है जरूरत

हेल्थ सेंटर वर्तमान में पदस्थ
शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुर्वेद कालेज परिसर) में 1 लैब टेक्निशियन
मोवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 1 लैब टेक्नशियन
मंदिर हसौद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी टेक्निशियन नहीं
भानसोज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी सैंपलों की जांच करने वाले शून्य
आमासिवनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 2 लैब टेक्निशियन कार्यरत



### सरकारी सिस्टम में कमियां

हमर लैब का संचालन जब शासकीय स्तर पर किया जा रहा था, तो विभिन्न तरह की कमियां सामने आ रही थीं। नियमित रूप के किट की सप्लाई नहीं होने की वजह से कई महत्वपूर्ण जांच पूरी नहीं हो पा रही थी। ऐसे में मरीजों को अपनी जांच के लिए प्रायवेट अथवा बड़े अस्पतालों में भटकना पड़ता था। कुछ साल पहले हुए रीएजेंट घोटाला का सर्वाधिक असर हमर अस्पताल में होने वाली जांच पर पड़ा था।

## पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने विभिन्न बैंकों के नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

# साइबर ठगी पर अंकुश लगाने बैंक भी निभा सकते हैं अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइबर ठगी पर अंकुश लगाने में बैंक भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए बैंकों को भी सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है। पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने मंगलवार को यातायात दफ्तर के सभाकक्ष में सभी बैंकों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में कमिश्नर ने कहा कि साइबर सहित अन्य ठगी को रोकने के लिए बैंकों को भी अब अपने स्तर पर सतर्क रहकर कार्य करने की जरूरत है। बैंक में खाता खुलवाने वाले लोगों एवं उनके मोबाइल का सत्यापन से लेकर संदिग्ध लेनदेन, डिमांड ड्राफ्ट के सत्यापन के बाद ट्रांसफर की अनुमति सहित अन्य कई कार्य हैं, जिनमें थोड़ी सी सतर्कता बरतने पर किसी व्यक्ति या संस्था को ठगी का शिकार होने से बचाया जा सकता है।



### 12 बिंदुओं पर हुई चर्चा

बैठक में 12 बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें ऑनलाइन ठगी का शिकार होकर बैंक में आने वाले प्रार्थियों को अन्य स्थानों पर भेजने के बजाए टोल-फ्री नंबर 1930 पर कॉल करने या फिर साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए बैंक परिसर में साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 का प्रचार-प्रसार एवं प्रदर्शन किया जाए। बैंक में नया खाता खोलने आने वाले आवेदकों का भौतिक सत्यापन किया जाए। इसके लिए मोबाइल कॉल या संदेश के माध्यम से पंजीकृत मोबाइल नंबर का सत्यापन किया जाए। कॉर्पोरेट खाता खोलते समय आवश्यक सत्यापन किया जाए तथा 15 दिनों के बाद पुनः दिए गए पते पर जाकर सत्यापन किया जाए। बैंक परिसर में प्रवेश द्वार तथा पिछले हिस्से में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध लेन-देन की आशंका होने पर तत्काल कार्यवाही करें तथा इसकी सूचना पुलिस को दें। डिमांड ड्राफ्ट का सत्यापन करने के उपरांत ही राशि का ट्रांसफर की अनुमति दी जाए। बैंक खाता गारंटर के बिना नहीं खोला जाए। वितरित राशि का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार राशि होल्ड करते हुए बैंक खाते को सक्रिय रखने पर भी चर्चा हुई। बैंक में विधिक (लीगल) कार्यों के लिए एक अधिकारी नामित करने तथा लीगल विभाग के लिए एक स्थायी मोबाइल नंबर जारी करने के निर्देश दिए गए है, जिससे अधिकारी के स्थानांतरण की स्थिति में कार्य प्रभावित न हो। बैंक में बार-बार खाते खुलवाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनकी जानकारी पुलिस को देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पुलिस द्वारा भी जानकारी मांगी जाती है, उसे तत्काल उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है, ताकि प्रकरणों की अग्रिम विवेचना एवं कार्यवाही में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

### नवीन कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा

बैठक में बैंक अधिकारियों को पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर नवीन कार्ययोजना तैयार करने, ठगी सहित अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान करने, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा पीड़ितों की राशि यथाशीघ्र वापस कराने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले, पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) गौरव मंडल, अनुज कुमार सहायक पुलिस आयुक्त (क्राइम एवं साइबर) संजय सिंह, नरेश पटेल उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न बैंकों के लगभग 50 नोडल अधिकारी शामिल रहे।

## इसके बगैर आवेदन भी नहीं

# ऑनलाइन एजूकेशन के लिए आईडी होगी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में सत्र जुलाई 2026 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू के आधिकारिक पोर्टल पर 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए कोई भी अधिकतम आयु सीमा नहीं है। इच्छुक छात्र-छात्राएं अपने घर से ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इग्नू के अनुसार अभ्यर्थी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

- जुलाई सत्र के लिए आवेदन प्रारंभ कर चुका है इग्नू
- 15 जुलाई तक फॉर्म भर सकते हैं विद्यार्थी, कई निशुल्क पाठ्यक्रम भी

### यह है डीईबी आईडी

डिस्टेंस एजूकेशन ब्यूरो आईडी अर्थात डीईबी आईडी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भारत में ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग या ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए शुरू की गई एक विशिष्ट डिजिटल पहचान है। इसे लागू करने का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र केवल मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों और वैध पाठ्यक्रमों में ही प्रवेश लें, जिससे फर्जी नामांकन पर रोक लग सके। डीईबी आईडी बनाने के लिए अकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट आईडी होना आवश्यक है।

### डिजीलॉकर के जरिए निर्माण

*विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार, ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग अथवा किसी भी प्रकार के ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए डीईबी आईडी बनाना अनिवार्य है। यूजीसी-डीईबी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, अब प्रत्येक शिक्षार्थी (अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों को छोड़कर) के लिए किसी भी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) या ऑनलाइन (ओएल) पाठ्यक्रम में नामांकन से पहले अपनी एबीसी आईडी का उपयोग करके एक डीईबी-आईडी बनाना अनिवार्य है। विद्यार्थी यूजीसी-डीईबी वेब पोर्टल पर जाएं और अपने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी का उपयोग करके डीईबी-आईडी जनरेट करें। यदि आपके पास एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी नहीं है, तो आप डिजीलॉकर के माध्यम से बना सकते हैं।*

# उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम परीक्षा में शामिल करने मांग रहे अतिरिक्त राशि

**रायपुर।** बीएड छात्रों से अतिरिक्त पैसे लिए जाने संबंधित मामले को लेकर छात्रों ने मंगलवार को रावतपुरा सरकार विवि का घेराव किया। छात्रों ने आरोप लगाया है कि विवि द्वारा संचालित ऑप्टोमेट्री पाठ्यक्रम एवं बीएड में अध्ययनरत विद्यार्थियों से अवैध वसूली की जा रही है। श्री रावतपुरा सरकार विवि द्वारा विगत कई वर्षों से ऑप्टोमेट्री पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, जबकि संबंधित पाठ्यक्रम की मान्यता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं। पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं वर्षों से अपने रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त करने के लिए भटक रहे हैं।



एनएसयूआई ने कहा, इस संबंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा 59 विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन प्रदान करने का आदेश भी दिया जा चुका है।

### विवि नियामक आयोग से जांच की मांग

प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा, विश्वविद्यालय में बीएड के ऐसे छात्र-छात्राओं, जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है, उन्हें परीक्षा में शामिल करने के नाम पर लगभग 60 हजार रूपए तक की भारी राशि वसूली जा रही है। एनएसयूआई ने राज्य शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं संबंधित नियामक संस्थाओं से मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा प्रभावित विद्यार्थियों को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है। एनएसयूआई के ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त विश्वविद्यालयीन छात्र भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# योग आयोग को आयुष विभाग में समायोजित करने सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा योग आयोग को समाज कल्याण विभाग से पृथक कर आयुष विभाग में समायोजित करने के निर्णय का योग जगत, योग आयोग से जुड़े पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। योग से जुड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री तथा राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इस निर्णय से प्रदेश में योग गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी तथा आयुष विभाग के माध्यम से योग के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी कार्य किए जा सकेंगे। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ योग आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का कुछ दिनों पूर्व ही आकस्मिक निधन हुआ है। यह समायोजन उनका सपना था, ऐसा कहा जा रहा है और इस पर्यन्त उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर समायोजन के लिए निवेदन भी किया था। इस निर्णय को समस्त योग साधकों, योग प्रशिक्षकों एवं योग प्रशिक्षकों द्वारा योग परिवार के सदस्यों ने स्व. रूपनारायण सिन्हा के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।






## 9 जून 2025 को मातृभूमि की रक्षा करते हुए कोंटा सुकमा में हुए थे शहीद

# शहीद आकाश राव गिरपुंजे की प्रथम पुण्यतिथि पर लाखेनगर चौक पर हुई श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे को किया नमन

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे की प्रथम पुण्यतिथि पर लाखेनगर चौक में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में नागरिकों जन प्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

9 जून 2025 को मातृभूमि की रक्षा करते हुए कोंटा-सुकमा में सर्वस्व बलिदान देने वाले शहीद आकाश राव गिरेपुंजे की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर लाखेनगर चौक में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष अखिलेश कश्यप, एमआईसी सदस्य सुमन -अशोक पांडे,दीपक जयसवाल, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे तथा नगर निगम नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शहीद के सहयोगी मित्रों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शहीद आकाश राव गिरेपुंजे के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद आकाश राव गिरेपुंजे का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर शहीद की पावन स्मृति को नमन किया तथा उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 10 जून 2026
# लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





संस्कृति विभाग के 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर का रंगारंग-यादगार समापन

# 'आकार' के मंच पर निखरी प्रतिभाओं ने भरथरी कथक, लोकगीत-संगीत की प्रस्तुति से मोहा मन

आकार कला प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह के मंच पर गुरु-शिष्य परंपरा की अनूठी झलक देखने को मिली। समारोह में शिविर के दौरान 16 विधाओं में पारंगत प्रतिभाओं ने अनमोल तराशी हुई कलाकृतियों व प्रतिभाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा। मंगलवार को संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस 15 दिवसीय आकार शिविर का रंगारंग-यादगार समापन हुआ। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के मुक्ताकांशी मंच पर आकार का भव्य मंच सजाया गया।





**रायपुर।** इस मंच पर प्रशिक्षित प्रतिभागियों ने भरथरी, कथक, लोकगीत-संगीत की विविध विधाओं में शानदार प्रस्तुति से कलागुरुओं, अतिथियों और कलाप्रेमियों का अपनी प्रतिभा से दिल जीता। समापन समारोह में अन्य कला-विधाओं की भव्य प्रदर्शनी भी लगाई गई। इन प्रतिभाओं व कलागुरुओं को उनकी साधना और कला के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान से नवाजा गया। इस शिविर में शिल्प एवं लोककलाओं के संरक्षण, संवर्धन और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के उद्देश्य से आकार पारंपरिक शिल्प एवं विविध कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन यादगार बना। यह प्रशिक्षण शिविर प्रदेश के कलाप्रेमियों, युवाओं और प्रशिक्षुओं के लिए एक अनूठा मंच साबित हुआ।

### प्रतिभाओं में दिखा गजब का उत्साह

प्रशिक्षित प्रतिभाओं में समापन समारोह के दौरान गजब का उत्साह देखने को मिला। प्रमाणपत्र व सम्मान पाकर प्रशिक्षित कलाकारों ने खुशी जाहिर की। क्ले आर्ट, रजवार भित्ति में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि यह 15 दिन रचनात्मकता से भरे रहे। वहीं माया सेन और रोशनी सेन क्रॉसिया आर्ट्स व रजवार भित्ति, भरथरी में अरुणिमा शर्मा प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाणपत्र मिलने से उत्साहित नजर आईं।

### 65 साल की कलागुरु शकुन ने 80 प्रतिभाओं को निखारा



शिविर में क्रॉसिया आर्ट की कलागुरु 65 वर्षीय शकुन गुप्ता ने 15 दिनों तक 80 प्रशिक्षु कलाकारों को एक सुंदर और लोकप्रिय सुई-धागे-ऊन से कपड़े और सजावटी सामान बनाने सिखाई। शकुन गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी मां से 10 साल की उम्र में क्रॉसिया आर्ट सीखा था। अब नई पीढ़ी को इस पारंपरिक कला का प्रशिक्षण देने शिविर का हिस्सा बनीं और प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया। इस कला से पारंगत प्रशिक्षुओं ने समापन अवसर पर अपने-अपने सुंदर व आकर्षक क्रॉसिया आर्ट्स के सजावटी सामान प्रदर्शित किए।



### कलागुरुओं और प्रशिक्षुओं का सम्मान

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल और संस्कृति विभाग के संचालक संजय कन्नौजे ने 15 दिनों तक संचालित इस शिविर में भाग लेने वाले कलागुरुओं व प्रशिक्षु कलाकारों को मंच से प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें चित्रकार व मूर्तिकला आर्टिस्ट गुरु राकेश पुजारी, बोनसाई आर्टिस्ट गुरु अनिल वर्मा, कथक गुरु प्रांजल तिवारी, टेराकोटा आर्टिस्ट विमल पुटान, मंडल आर्ट गुरु कविता यादव व गोदना आर्टिस्ट कल्पना यादव, क्ले आर्ट गुरु अल्का हनावत, पारंपरिक वाद्ययंत्र वादक गुरु रिखी क्षत्रिय सहित कलागुरुओं व प्रशिक्षित कलाकारों को प्रशिक्षण शिविर समापन समारोह में सम्मानित किया गया।

### 16 विधाओं में 1300 प्रतिभागी हुए पारंगत

शिविर में प्रशिक्षु फाइन आर्ट, नाटक, स्केचिंग, कैनवास पेंटिंग, जूट शिल्प, मेहंदी आर्ट, गोदना आर्ट, छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी एवं ट्रॉयबल वुडन आर्ट, भरथरी गाथा, लोकनृत्य-गीत, आदिवासी नृत्य एवं गीत, सेंड आर्ट, धान ज्वेलरी एवं ड्राई फ्लॉवर, ढोकरा शिल्प, वाद्ययंत्र प्रशिक्षण एवं मेकिंग, टेराकोटा एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन आदि विधाओं में ख्यातिप्राप्त पारंगत कलागुरुओं से प्रशिक्षण प्राप्त कर पारंगत बने हैं।


### ये रहे अतिथि

आकार शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, छग साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा सहित संस्कृति विभाग के अधिकारी व कलाकार उपस्थित रहे।

---

सिटी लाइव

## डेटा को व्यावसायिक निर्णयों और व्यावहारिक निष्कर्षों में बदलने की कला सीखी



**रायपुर।** एनआईटी में एप्लाइड डेटा एनॉलिटिक्स : ए प्रैक्टिकल अप्रोच पर ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स का समापन हुआ। मंगलवार को इस 15 दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन 25 मई से 8 जून तक संस्थान के कंटीन्यूइंग एजुकेशन सेल और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया गया। इस ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स में प्रतिभागियों ने एप्लाइड डेटा एनॉलिटिक्स कच्चे डेटा को व्यावसायिक निर्णयों और व्यावहारिक निष्कर्षों में बदलने की कला सीखी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुभाशीष सान्याल ने कोर्स को बेहद संपूर्ण और ज्ञानवर्धक बताते हुए आयोजकों से ऐसे और भी कोर्स आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में प्रोजेक्ट्स के लिए आईआईटी जैसी संस्थाओं से विषय लिए जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम की लागत-प्रभावशीलता पर भी ध्यान देने की बात कही। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि यह इस कोर्स का पांचवां संस्करण था और समय के साथ डेटा एनॉलिटिक्स के क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि इस कोर्स में 20 प्रतिशत प्रतिभागी एनआईटी रायपुर के भाग लिए, जो इसकी व्यापक पहुंच को दर्शाता है। उन्होंने भविष्य में इस कोर्स को और बड़े स्तर पर हाइब्रिड मोड में आयोजित करने की उम्मीद जताई।

एनआईटी में एप्लाइड डेटा एनॉलिटिक्स पर ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स का समापन

### रीयल-टाइम प्रोजेक्ट्स को किया प्रजेंट्स

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुधाकर पांडेय ने अपने भाषण में आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि रीयल-टाइम प्रोजेक्ट्स ने डेटा एनॉलिटिक्स में सोचने की एक नई दिशा दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रतिभागी इन उन्नत तकनीकों का उपयोग भविष्य में उद्योगों में भी करेंगे। सर्वप्रथम डॉ. मृदु साहू द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया और रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने देशभर से आए वक्ताओं का परिचय दिया और कोर्स के दौरान ली गई एमसीक्यू परीक्षा तथा 12 सर्वश्रेष्ठ परियोजना प्रोजेक्ट के प्रस्तुतियों के बारे में बताया।

### समारोह में इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान कंटीन्यूइंग एजुकेशन सेल के चेयरमैन डॉ. शुभोजीत घोष और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुधाकर पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. मृदु साहू और डॉ. गोविंद पी. गुप्ता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लिया और इसका लाभ प्राप्त किया।

## बारिश के दिनों में सही डाइट और योग मौसमी बीमारियों से बचाएंगे, एक्सपर्ट से ले रहे टिप्स



**रायपुर।** बदलते मौसम के कारण स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान लोगों को नियमित योग व संतुलित भोजन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। ऐसा हम नहीं, बल्कि शहर के जाने-माने योग प्रशिक्षक व डाइटिशियन दोनों का संयुक्त सलाह है। शहर की डायटिशियन पूजा द्विवेदी का कहना है कि भोजन से ही सेहत बनती और बिगड़ती है। अगर हम असंतुलित भोजन करेंगे तो किसी भी मौसम में बीमार पड़ सकते हैं। वहीं संतुलित भोजन करेंगे तो मौसम में कितना ही बदलाव क्यों न आए, हम सेहतमंद रहेंगे। ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर हर उम्र के लोगों के लिए अलग-अलग डाइट चार्ट को शामिल किया जाना जरूरी है। बदलते मौसम के हिसाब से खाने में परिवर्तन करने की सलाह दी जाती है, यानी जैसी ऋतु वैसा आहार होना चाहिए। बारिश के मौसम में आपको खानपान से जुड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होती है। मानसून में बीमारियां और इन्फेक्शन तेजी से फैलते हैं। ऐसे में आपकी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है। बारिश के मौसम में आपको क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए। आपके ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में कौन-सी चीजें शामिल हों, इन सब बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। वहीं योग शिक्षिका मंजू शुक्ला का कहना है कि यूं तो योग करना हमेशा ही लाभकारी होता है। फिर भी बरसात के दिनों में प्राणायाम व अनुलोम-विलोम से बॉडी का वार्मअप होता है।

### बारिश के मौसम में क्या खाएं, क्या न खाएं

ब्रेकफास्ट में बारिश में तला-भुना खाने को मन करता है, लेकिन स्वस्थ रहने के लिए आपको ऐसे खाने से बचना चाहिए। ब्रेकफास्ट में पोहा, उपमा, इडली, सूखे टोस्ट या पराठे खा सकते हैं। साथ में ब्लैक टी या ब्लैक कॉफी पी सकते हैं। लंच लाइट रखने की कोशिश करें। हाई प्रोटीन डाइट या ज्यादा तेल मसालेदार सब्जियां खाने से बचना है। इसके बजाय मूंग-मसूर की दाल, हरी सब्जी, रोटी और सलाद खाएं। घर की दही से बनी छाछ या लस्सी भी पी सकते हैं।

## अर्जुन, पारिजात, आंवला के पौधे रोपकर परिसर को हरा-भरा रखने उठाया बीड़ा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पर्यावरण दिवस एनएसएस के कृषि छात्रों ने कॉलेज परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। छात्र-छात्राओं ने अर्जुन, पारिजात, व्हाइट हिबिस्कस, पर्पल अलामांडा, येलो अलामांडा, येलो टीकोमा, एग्जोरा प्लांट, गंधराज, आंवला सहित कई प्रजातियों के पौधे रोपे। सभी ने रोपे गए वृक्षों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ एस रॉय ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की बात कही। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विवेक पांडे भी मौजूद रहे। छात्रों ने पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए परिसर को हरा-भरा बनाने का बीड़ा उठाया। छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनौरा भिलाई दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस कृषि छात्रों ने बहुत धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने कॉलेज परिसर में वृक्षा रोपण किया और लगाए गये वृक्षों का संरक्षण करने का संकल्प लिया। छात्रों द्वारा कॉलेज परिसर में अर्जुन के पेड़ के साथ पारिजात व्हाइट हिबिस्कस,पर्पल अलामांडा,येलो अलमांडा येलो टीकोमा, एग्ज़ोरा प्लांट,गंधराज, आंवला सहित कई पेड़ कॉलेज परिसर में लगाए। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ एस रॉय ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया उनके साथ में एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी विवेक पांडे भी मौजूद रहे।

नए शैक्षणिक सत्र को लेकर स्टेशनरी की दुकानों पर उमड़ रही भीड़

## बच्चों की जरूरत और पसंद की कॉपी-किताबें पेन, पहाड़ा, पेंसिल की खरीदारी में जुटे पैरेंट्स

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** नए शैक्षणिक सत्र से स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई के लिए जरूरी स्टेशनरी का सामान बाजार में पहुंच गया है। प्राइवेट व सरकारी स्कूलों के बच्चों को बुक्स सूची के अनुरूप कॉपी, किताबें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके लिए प्राइवेट स्कूल खुद बच्चों को स्टेशनरी उपलब्ध करा रहे हैं, वहीं सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए उनके पैरेंट्स स्टेशनरी की दुकानों से बजट के हिसाब से कॉपी, किताबें, पेन, पेंसिल खरीदकर दे रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के सभी स्कूलों में 16 जून से शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। ऐसे में बच्चों के स्कूल जाने को लेकर पैरेंट्स की तैयारी, स्टेशनरी बाजार में उपलब्ध नए सत्र, सिलेबस की किताबें, कॉपी, पेन, पेंसिल की स्थिति का जायजा लेने शहर के गोलबाजार स्थित स्टेशनरी की दुकानों पर टीम पहुंची। जहां स्टेशनरी दुकानों पर कॉपी, पेन, पहाड़ा, किताबें आदि खरीदारी के लिए बच्चों व उसके पैरेंट्स की भीड़ देखने को मिली। गोलबाजार के स्टेशनरी व्यापारियों से नर्सरी के बच्चों के लिए उपलब्ध स्टेशनरी सामान व कीमतों के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि हर शैक्षणिक सत्र की तरह इस बार भी नर्सरी सहित दूसरी कक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा मंडल की किताबें व सीबीएसई की किताबें नए कवर पेज तथा सिलेबस के साथ उपलब्ध हैं।





### स्पेसमैन, डॉल प्रिंटेड पेंसिल बॉक्स

*स्टेशनरी की दुकानों पर एक से बढ़कर एक डिजाइनदार पेंसिल व बॉक्स भी उपलब्ध हैं। इसमें स्पेसमैन प्रिंट, मोटू-पतलू, स्पाइडरमैन प्रिंटेड पेंसिल बॉक्स बच्चों को बहुत पसंद आ रहे हैं। शका-लका बूम-बूम की पेंसिल भी बच्चों को लुभा रही है। इस तरह से पेंसिल बॉक्स 40 से 80 रुपए तक में उपलब्ध हैं। वहीं डिजाइनदार पेंसिल प्रति नग 20 रुपए कीमत की है।*

### कार्टून शेप में पहाड़ा

रंगबिरंगे कार्टून पिक्चर कवर वाला पहाड़ा व कलर फिल इन नंबर बुक्स बाजार में बच्चों के लिए उपलब्ध हैं, जिससे वे खेल-खेल में कार्टून शेप में वन-टू नंबर्स को देख-लिखकर, रंग भरकर बहुत ही सरल व रचनात्मक तरीके से पहाड़ा तथा गिनती सीख सकेंगे। स्टेशनरी विक्रेताओं ने बताया कि इस तरह के क्रिएटिव कार्टून पिक्चर वाली बुक्स, पहाड़ा बच्चों की पहली पसंद बने हुए हैं। इसकी कीमत 50 से 55 रुपए तक है।

### स्पार्कलिंग कॉपी कलर बुक्स

पिक्चर कवर में स्टार, बैलून, बादल, सूरज, इंद्रधनुष, फ्लॉवर्स, कार, डॉल कार्टून प्रिंट वाली जम्बो स्पार्कलिंग कॉपी कलर बुक्स नर्सरी के बच्चों के लिए दुकान में आई है। सिंगल लाइन, फोर लाइन राइटिंग कॉपी 175 से 300 पेज की 50 से 100 रुपए कीमत तक मिल रही है। इसी तरह के नर्सरी व उसकी समकक्ष कक्षाओं के बच्चों के लिए 100 से 140 रुपए तक कीमत में कॉपी उपलब्ध कराई जा रही है। पैरेंट्स स्कूलों के अलावा ट्यूशन व होम स्टडी के लिए भी बच्चों को स्टेशनरी किट मुहैया करा रहे हैं।

**धर्म लाइव**

# जयकारों से गूंजा गोदड़ीवाला धाम धूमधाम से मनाया वर्सी महोत्सव



**रायपुर।** देवपुरी स्थित पूज्य गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदास राम साहेब और संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद व महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में चोले वाली अम्मा का 20वां वर्सी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरा धाम परिसर चोले वाली अम्मा असां भक्तन जी तोखे पारत तई, जय जय चोले वाली अम्मा, जयश्री राम, भारत माता की जय, छत्तीसगढ़ महतारी की जय, वंदेमातरम और गोदड़ी वाले घनश्याम की जय के जयकारों और उद्घोषों से गूंज उठा। पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ के संत साईं युधिष्ठिर लाल साहेब ने अपनी अति व्यस्तता के बावजूद मोबाइल फोन के माध्यम से जुड़कर संगत को वर्सी महोत्सव की बधाई दी और अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

### भजन-कीर्तन और अखंड धूनी साहेब से हुई शुरुआत

दरबार के सेवादार इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी और पवन प्रीतवानी ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत सुबह 10 बजे अखंड धूनी साहेब के पाठ से हुई। इसके पश्चात आरती, भजन, सत्संग और सिमरन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम 5 बजे देवपुरी महिला मंडल का सत्संग हुआ, जबकि शाम 7 बजे से चकरभाटा के गायक विनोद चावला ने अपनी माता मंडली के साथ शानदार भजन प्रस्तुत कर उपस्थित संगत को भावविभोर कर दिया। रात 8.30 बजे बाबाजी की आरती, अखंड धूनी साहेब के भोग और पल्लव साहेब के साथ महोत्सव का विधिवत समापन हुआ।

**सिटी लाइव**

# प्लास्टिक थैली का प्रयोग न करने का लिया संकल्प



**रायपुर।** प्लास्टिक की थैलियों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए महाराष्ट्र मंडल हमेशा से लोगों को जागरूक करता रहा है। मंडल के वल्लभ नगर महिला केंद्र की सभासदों ने अब प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नहीं करने का संकल्प सोमवार को लिया। उन्होंने यह संकल्प संत ज्ञानेश्वर स्कूल प्रांगण में आयोजित केंद्र की मासिक बैठक में लिया। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए सामाजिक दायित्व की कड़ी में नए संकल्प को जोड़ा गया है। इससे पहले प्लास्टिक के बोतल का उपयोग नहीं करने का प्रण लिया था। नए संकल्प से शह के लोगों को जोड़ने के लिए अब जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करने का निर्णय भी लिया है।

### वृक्ष के पत्तों पर आधारित रोचक गेम रहा खास

बैठक हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ के साथ शुरू किया। वहीं 'नो प्लास्टिक अभियान' की ब्रांड एंबेसडर व केंद्र की सदस्य शुभांगी आप्टे ने सभी सभासदों को कपड़े की थैलियां वितरित कीं। सभी ने यह प्रण लिया कि आज से प्लास्टिक-पॉलिथीन के कैरी बैग और थैलियों का उपयोग बिल्कुल नहीं करेंगे। वहीं वृक्ष पहचानने की स्पर्धा में मंजूषा सबसे आगे रहीं। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्ष के पत्तों पर आधारित रोचक गेम खिलाया गया। इसमें प्रतिभागियों को वृक्षों को पहचानना था। इस कड़ी में प्रथम मंजूषा चिलमवार, द्वितीय मानसी विद्वालकर, तीसरे स्थान पर अपर्णा आठले रहीं।

**कैंपस लाइव**

# मस्तिष्क ट्यूमर का शीघ्र निदान ही जीवन रक्षा की कुंजी, जागरूकता पर दिया जोर



**रायपुर।** विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस के अवसर पर एम्स रायपुर के न्यूरोसर्जरी विभाग ने स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के लिए विशेष सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मस्तिष्क ट्यूमर के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके आधुनिक उपचार तकनीकों पर चर्चा करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीन (अकादमिक) डॉ. एली मोहपात्रा और विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने ट्यूमर के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए समय पर निदान को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया कि न्यूरोइमेजिंग, माइक्रोसर्जिकल तकनीकों, न्यूरोएंडोस्कोपी और लक्षित उपचारों में आई प्रगति से अब रोगियों के उपचार परिणामों में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि लगातार सिरदर्द, दौरे, उल्टी, दृष्टि संबंधी समस्याएं या व्यवहार में बदलाव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि ये शुरुआती संकेत हो सकते हैं। उन्होंने एक 5 वर्षीय बच्चे के दुर्लभ ट्यूमर का उदाहरण देते हुए बताया कि समय पर सटीक उपचार से गंभीर मामलों में भी जीवन बचाया जा सकता है। सीईओ डॉ. त्रिपाठी सहित क्षेत्र के दिग्गज न्यूरोसर्जन, ऑन्कोलॉजिस्ट और रेडियोलॉजिस्ट ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विशेषज्ञों ने एक स्वर में कहा कि ब्रेन ट्यूमर का निदान हमेशा खराब परिणाम नहीं लाता।

## गिफ्ट स्टोर में स्पेशल मैसेज छपवाकर वॉलेट और डायरी को बना रहे हैं खास गिफ्ट

# बाजार में फादर्स-डे की रौनक : सुपरडैड के लिए 'कस्टमाइज गिफ्ट्स' की सबसे ज्यादा डिमांड, परफ्यूम और गैजेट्स के हैंपर भी बने पहली पसंद

फादर्स डे में 12 दिन शेष रह गए हैं। इस दिन को खास और यादगार बनाने के लिए शहर के बाजार सज चुके हैं। हर दुकान और गिफ्ट स्टोर पर पापा के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले तोहफों की भरमार है। बच्चों और युवाओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। वे अपने सुपरडैड के लिए ऐसे गिफ्ट चुन रहे हैं, जो न सिर्फ खूबसूरत हों, बल्कि यादों से भी भरे हों। गिफ्ट शॉप्स में कस्टमाइज आइटम्स की सबसे ज्यादा डिमांड है।




**रायपुर।** लोग पर्सनल टच देने के लिए गिफ्ट में पापा का नाम, फोटो या कोई खास संदेश छपवा रहे हैं। फोटो एल्बम, पर्स, लग्जरी पेन, कस्टम डायरी, मग, की-चेन, फ्रेम्स और वॉल क्लॉक्स तक को पर्सनलाइज कराया जा रहा है, जिसकी कीमत 500 से 5 हजार रुपए तक है।

### नाम और यादों से सज रहे तोहफे

दुकान संचालक प्रवीण जैन ने बताया कि फादर्स डे को लेकर इस बार कस्टमाइज गिफ्ट की मांग काफी बढ़ गई है। उनकी दुकान में पर्सनलाइज फोटो एल्बम, मग, डायरी और पेन जैसे आइटम तैयार कराए जा रहे हैं, जिन पर नाम के साथ खास तारीखें और यादगार पलों की तस्वीरें छपवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 2-3 सालों में कस्टमाइज गिफ्ट का क्रेज लगातार बढ़ा है। अब लोग केवल गिफ्ट नहीं, बल्कि उससे जुड़ी भावनाएं भी देना चाहते हैं। नाम, फोटो और मैसेज के साथ तैयार किए गए ये गिफ्ट न सिर्फ खास लगते हैं, बल्कि जिंदगीभर की याद बन जाते हैं।







### कस्टमाइज गिफ्ट्स की बुकिंग जोरों पर




फादर्स-डे को लेकर बाजार में गिफ्ट्स की रौनक देखने को मिल रही है। दुकान संचालक संध्या सुराना ने बताया कि इस बार स्पेशल गिफ्ट हैंपर में इंडियन परफ्यूम की सबसे अधिक डिमांड है। खासकर विलन, बेला विटा, वाइल्ड स्टोन, सिग्नेचर, पार्क अवेन्यू और बियर्डो जैसी ब्रांड्स के परफ्यूम खरीदारों की पहली पसंद बने हुए हैं। इसके साथ ही पर्स, पेन, मग और ग्रीटिंग कार्ड के भी कई वैरायटी उपलब्ध हैं, जिन्हें लोग अपने पिता के लिए खरीद रहे हैं। दुकान संचालक तुषार खेमानी ने बताया कि फादर्स-डे से कई दिन पहले ही कस्टमाइज गिफ्ट्स की बुकिंग शुरू हो चुकी है। इस साल गिफ्ट्स में नाम और फोटो जोड़ने का ट्रेंड सबसे अधिक देखा जा रहा है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ की पुरानी तस्वीरें मग और फोटो फ्रेम में लगवाकर उन्हें भावनाओं से जुड़ा तोहफा बना रहे हैं।

### स्पेशल मैसेज छपवा रहे

*पापा-बेटे की पुरानी और खूबसूरत यादों को संजोने के लिए फोटो एल्बम की डिमांड तेजी से बढ़ी है। लोग पुराने फोटोज को एल्बम में सजाकर उसे उपहार में दे रहे हैं। नाम और स्पेशल मैसेज छपवाकर लोग वॉलेट और डायरी को खास बना रहे हैं। यह गिफ्ट्स पापा की रोजमर्रा की जिंदगी में भी काम आते हैं और भावनात्मक जुड़ाव भी बनाते हैं। दीवारों पर सजाने वाले लकड़ी के फ्रेम और चाबी में झूलने वाले फोटो की-चेन भी इस साल की पसंदीदा सूची में है। इन पर पापा की फोटो या कोई मैसेज उकेरा जा रहा है। तकनीक के साथ कदमताल करते हुए अब गिफ्ट्स में डिजिटल ग्रीटिंग्स और म्यूजिकल बॉक्स का भी चलन शुरू हो गया है। इनमें पिता के नाम का संदेश रिकॉर्ड किया जा सकता है, जो खोलते ही गूंजता है।*

# 10 राज्यों के 130 खिलाड़ियों ने पानी पर दिखाया संतुलन, मेजबान टीम के खाते में आए 7 स्वर्ण



### दिग्गजों की गरिमामयी मौजूदगी में उद्घाटन

*प्रतियोगिता के शानदार उद्घाटन समारोह में प्रदेश भाजपा मोर्चा की अध्यक्ष विभा अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी कविता दीक्षित द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वराज गौतम, रायपुर जिला कयाकिंग एसोसिएशन की सचिव सोनल रघुवंशी, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के हाई परफॉर्मेंस कोच दिलीप बेनीवाल और एनडीआरएफ से पवन उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन के संयुक्त सचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी और अशोक दुबे भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अखिलेश दुबे ने सभी अतिथियों, अधिकारियों और खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया।*

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित सेंध जलाशय में अस्मिता जोनल कयाकिंग एंड कैनोइंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले ही दिन पानी की लहरों पर खिलाड़ियों का गजब का संतुलन और रफ्तार देखने को मिली। इस जोनल खेल महाकुंभ में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, चंडीगढ़ और मेजबान छत्तीसगढ़ सहित कुल 10 राज्यों की टीमों के लगभग 130 खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। पहले दिन सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में कुल 29 इवेंट खेले गए। इनमें मेजबान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने दबदबा बनाते हुए शानदार शुरुआत की और 7 स्वर्ण, 2 रजत व 3 कांस्य पदक सहित पहले ही दिन कुल 12 पदक अपने नाम कर लिए। विभिन्न स्पर्धाओं के परिणामों पर नजर डालें तो सीनियर के-2 (1000 मीटर) में रमा सोनकर और स्वाति साहू ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी तरह जूनियर के-2 (1000 मीटर) में राधा और वंशिका ने, सीनियर के-1 (1000 मीटर) में कौशल नंदानी ने, जूनियर के-1 (1000 मीटर) में वंशिका ने, जूनियर के-2 (500 मीटर) में राधा और वंशिका ने, जूनियर सी-1 (500 मीटर) में पलक ने तथा जूनियर के-1 (500 मीटर) में राधा ने अपने-अपने इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड) जीता। रजत पदकों (सिल्वर) की बात करें तो सीनियर के-1 (500 मीटर) में कौशल नंदानी और सीनियर के-4 (500 मीटर) में कौशल नंदानी, रमा सोनकर, स्वाति साहू व खुशबू निर्मलकर की टीम ने दूसरा स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल जीता। वहीं सब-जूनियर के-4 (1000 मीटर) में सोनम, मुस्कान, सुन्नई व दुतिका की टीम, सब-जूनियर के-2 (1000 मीटर) में ईशा व मालती तथा सीनियर सी-2 (500 मीटर) में नीतू व मनमती बघेल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कांस्य पदक (ब्रॉन्ज) अर्जित किए।

# सहस्त्रावधान व तपस्या महोत्सव की तैयारियां तेज, कोर कमेटी ने बनाई रूपरेखा



**रायपुर।** बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में 16 से 18 जून 2026 तक सकल जैन समाज छत्तीसगढ़ एवं अखिल भारतीय खरतरगच्छ संघ के संयुक्त तत्वावधान में त्रिरत्न-महायज्ञ के रूप में भव्य आचार्य पदारोहण-सहस्त्रावधान एवं तपस्या महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस धार्मिक महोत्सव में देशभर से बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को लेकर सकल जैन श्री संघ एवं महोत्सव समिति द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही हैं और विभिन्न स्तरों पर बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर कोर कमेटी की बैठक मुख्य संरक्षक, विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में तीन दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर राजेश मूणत ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील पारख, संयोजक राजेश बुरड़, महासचिव अशोक कांकरिया, कोषाध्यक्ष बसंत झाबक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धरम भंसाली, विनोद बड़जात्या, अमर बरलोटा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं दादाबाड़ी रायपुर में महिला समितियों की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मंडलों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। महोत्सव की तैयारियों में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। बैठक में समिति के विनय पटवा, नरेश बुरड़, मेघराज कांकरिया, सुभाष कोठारी, अमित सुराणा, जितेंद्र गोलछा, अजय संचेती, महावीर कोचर, आदित्य मोहन पारख, जय, दीपक भाई दोशी सहित महिला समिति की बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## मानसून से पहले मिट्टी तैयार करने विशेषज्ञ दे रहे खाद और देखभाल के खास टिप्स

# बारिश से पहले घरों को 'ग्रीन लुक' देने की तैयारी तेज नर्सरियों में बढ़ी इंडोर-आउटडोर पौधों की डिमांड

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** प्री-मानसून की सुगबुगाहट के साथ ही शहरवासियों ने बारिश के स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी हैं। अपनी छतों, बाल्कनी और किचन गार्डन को हरा-भरा बनाने के लिए लोग बड़ी संख्या में नर्सरी का रुख कर रहे हैं। मानसून के पूरी तरह से दस्तक देने से पहले ही पौधों को रोपने का यह सबसे सही समय माना जाता है, इसलिए इंडोर और आउटडोर प्लांट्स की खरीदारी जोरों पर है। लोग घर के अंदर ऐसे पौधे रखना चाहते हैं, जो न केवल आकर्षक लुक दें, बल्कि वातावरण को सकारात्मक भी रखें। कम रोशनी में जीवित रहने की क्षमता के कारण 100 से 150 रुपये की कीमत वाले मनी प्लांट की सबसे ज्यादा बिक्री हो रही है। लोग मानसून से पहले ही पौधों को व्यवस्थित करने के लिए सिरेमिक और 'सेल्फ-वॉटरिंग पॉट' खरीद रहे हैं। इसके अलावा कॉसमॉस, जीनिया, गेंदा और सूरजमुखी के पौधों की मांग भी तेजी से बढ़ी है।



### बारहमासी और विदेशी फूलों का बढ़ा क्रेज

*वीआईपी रोड स्थित एक नर्सरी के संचालक कैलाश नायक बताते हैं कि बारिश के मौसम में पौधे आसानी से जड़ पकड़ लेते हैं, इसलिए लोग प्री-मानसून के समय ही बारहमासी फूलों के पौधे खरीदकर लगा रहे हैं ताकि वे बारिश का पूरा फायदा उठा सकें। नर्सरी में इस बार विदेशी फूलों की नई वैरायटी भी आई हुई है, जिन्हें अभी लगाने पर ठंड तक बेहतरीन फूल खिलने शुरू हो जाते हैं। इन विदेशी किस्मों में डायनथस, पेओनी, आईरिस, फॉक्सग्लोव और डे-लिली के पौधे तथा बीज शामिल हैं, जिनकी एडवांस खरीदारी की जा रही है।*

### लिली और कोचिया की सबसे अधिक मांग



शहर के मठपारा स्थित नर्सरियों में कम देखभाल मांगने वाले और औषधीय गुणों से भरपूर पौधों की भारी डिमांड है। लोग मानसून से पहले लिली और कोचिया के पौधे जमकर खरीद रहे हैं क्योंकि ये बारिश में तेजी से पनपते हैं और इंडोर डेकोरेशन के लिए भी बेहतरीन विकल्प हैं। बारिश के दौरान इंडोर पौधों को फंगस या नमी से बचाने के लिए नर्सरी संचालकों द्वारा ग्राहकों को प्री-मानसून केयर टिप्स दिए जा रहे हैं। साथ ही देसी-विदेशी पौधों को सही तरीके से रोपने की जानकारी भी दी जा रही है।

### मिट्टी तैयार करने विशेष खाद की हो रही खरीदी

अच्छी बागवानी के लिए मानसून से पहले मिट्टी को पोषण देकर तैयार करना सबसे अहम होता है। इसे ध्यान में रखते हुए बाजारों और कृषि दुकानों में इंडोर और आउटडोर पौधों के लिए मौसम के अनुकूल विशेष प्राकृतिक खाद उपलब्ध है। कई लोग जहां नर्सरियों से रेडीमेड ऑर्गेनिक खाद ले जाना पसंद कर रहे हैं, वहीं कई गार्डनिंग प्रेमी बारिश से पहले घर पर ही उन्नत खाद तैयार करने के टिप्स भी विशेषज्ञों से ले रहे हैं ताकि पौधों का विकास बेहतर हो सके।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राजनांदगांव को 24 रनों से हराया बस्तर बायसंस ने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) के तृतीय संस्करण का आयोजन 03 जून से 14 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है। मंगलवार का पहला मैच बस्तर बायसंस तथा राजनांदगांव पैथर्स के मध्य खेला गया। राजनांदगांव पैथर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। बस्तर बायसंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 185 रन बनाये। बस्तर बायसंस की ओर से राहुल प्रधान ने 73 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अतिरिक्त ऋषि शर्मा तथा शशांक चंद्राकर ने 25-25 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव पैथर्स की ओर से सुमित रुईकर ने 3 विकेट, सत्यम दुबे तथा भावेष साहु ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगांव पैथर्स 19.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 161 रन ही बना सकी। राजनांदगांव पैंथर्स की ओर से कप्तान अजय मंडल ने 60 रन तथा आशीष डहरीया ने 42 रन बनाये। दोनों के मध्य पहले विकेट के लिये 109 रनों की साझेदारी हुयी। बस्तर बायसंस की ओर से अब्दुल अनस खान ने 3 विकेट तथा उत्कर्ष तिवारी ने 2 विकेट प्राप्त किया। बस्तर बायसंस ने 24 रनों से मैच जीत लिया। राहुल प्रधान प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### संडे ऑन साइकिल में जुटे स्कूली विद्यार्थी




**उतई।** केंद्रीय विद्यालय संगठन के अंतर्गत संचालित केंद्रीय विद्यालय, सी. आई. एस. एफ. भिलाई में फिट इंडिया अभियान के तत्वावधान में "संडे ऑन साइकिल" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समाज में फिटनेस, स्वस्थ जीवन शैली तथा साइकिलिंग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पंकज शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि में विद्यालय के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर भुबनेश्वरी, प्राचार्य ने अपने संदेश में कहा कि- स्वस्थ शरीर ही सफल जीवन की आधारशिला है। कार्यक्रम के समापन में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार शर्मा ने दिया।

### जिला मास्टर्स टेबल टेनिस में वरिष्ठ खिलाड़ियों के बीच शानदार मुकाबले




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में राजधानी टेबल टेनिस संघ द्वारा सप्रे शाला में 07 जून को आयोजित रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता कल संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी थे। अध्यक्षता संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी ने की। मंच पर संघ के तकनीकी समिति के चेयरमैन अरविंद कुमार शर्मा एवं मुख्य निर्णायक पी. एन. मजूमदार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण निरापुरे ने किया।

प्रतियोगिता को लीग पद्धति पर दो चरणों में आयोजित की गयी थी जिसमें प्रथम चरण में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) एवं आयु वर्ग 60 के दो ग्रुप में से प्रत्येक ग्रुप के प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ियों ने दूसरे चरण के सुपर लीग में प्रवेश किया। पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) विजेता शैलेश डागा, उपविजेता- राजेश अग्रवाल 2-0 तृतीय चिरंजीत राय इसमें तीनों खिलाड़ियों के मध्य टाई से स्थान निर्धारित हुआ. उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त राकेश यादव, नामित कोठारी, विनय केजरीवाल, दीपक वर्मा, संदीप चटर्जी ने क्रमशः चौथा से आठवां स्थान प्राप्त किया। पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) विजेता पवन सादीजा, उपविजेता- अजीत बेनर्जी 2-0 तृतीय सुशांत बोरवणकर उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त अरविंद कुमार शर्मा, सुरेश दुबे, हरीश पांडे, के.बी. सिंह, जे.एम. राठोड़ ने क्रमशः चौथा से आठवां स्थान प्राप्त किया। महिला एकल (आयु वर्ग 40) विजेता सुश्री दिव्या आमदे, उपविजेता सुश्री रेणुका सुब्बा 2-0 तृतीय सुश्री प्रमिला देवांगन रहे। उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त डॉ. स्वाति बांठिया, सुश्री गीता पंडित, सुश्री निकहत परवीन अंसारी, सरोज धीरही ने क्रमशः चौथा से सातवां स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पी. एन. मजूमदार एवं सहायक मुख्य निर्णायक पुलकित यदु थे। यह जानकारी प्रतियोगिता के आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों की सेहत पर पड़ता है असर

# दिनचर्या की इन गलतियों की वजह से बढ़ जाता है आर्थराइटिस का खतरा, बरतें कुछ सावधानियां

अक्सर कुछ लोगों कम उम्र में ही आर्थराइटिस की शिकायत हो जाती है, इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, इन्हीं में एक प्रमुख कारण है हमारी दिनचर्या की कुछ गलत आदतें। आइए इस लेख में जानते हैं दिनचर्या की किन गलतियों की से अर्थराइटिस की शिकायत होती है।

आर्थराइटिस यानी जोड़ों का दर्द, सूजन और अकड़न, यह एक ऐसी समस्या है जो आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ होती है। लेकिन आजकल युवाओं में भी दिनचर्या की कुछ गलत आदतों की वजह से आर्थराइटिस का जोखिम बढ़ रहा है। हमारा गलत खानपान, गतिहीन जीवनशैली और कुछ अनुचित आदतें सीधे तौर पर आर्थराइटिस के खतरे को बढ़ा देती हैं। ये आदतें हमारे जोड़ों पर अनावश्यक दबाव डालती हैं और उन्हें कमजोर करती हैं।

खासकर, मानसून के मौसम में नमी और बदलते मौसम के कारण जोड़ों का दर्द और भी ज्यादा परेशान करने लगता है। अच्छी बात यह है कि यदि हम समय रहते कुछ सावधानियां बरतें और अपनी दिनचर्या में जरूरी बदलाव लाएं, तो इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए इस लेख में हम उन आम गलतियों और जरूरी सावधानियों के बारे में जानते हैं, जिससे शरीर में आर्थराइटिस का



खतरा बढ़ जाता है। सबसे पहले गलतियों के बारे में जानते हैं।

## गलतियां - गतिहीनता और खराब मुद्रा

दिनचर्या में लंबे समय तक बैठे रहना या गतिहीन जीवनशैली आर्थराइटिस का प्रमुख कारण है। ऑफिस में घंटों गलत मुद्रा में बैठने से जोड़ों और मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है, जिससे रीढ़, घुटने और कूल्हों में अकड़न बढ़ती है। गलत तरीके से वजन उठाना या बार-बार झुकने से जोड़ों की कार्टिलेज घिस सकती है, जो ऑस्टियोआर्थराइटिस का कारण बनता है। इसके अलावा, व्यायाम की कमी से जोड़ों का लचीलापन कम होता है, जिससे दर्द और सूजन का खतरा बढ़ता है।



## असंतुलित आहार

असंतुलित आहार भी आर्थराइटिस के प्रमुख कारणों में से एक है। विटामिन D, कैल्शियम और ओमेगा-3 की कमी जोड़ों को कमजोर करती है। तला-भुना, प्रोसेस्ड फूड और चीनी युक्त खाद्य पदार्थ रूमेटॉइड आर्थराइटिस को ट्रिगर कर सकता है।

## मोटापा

इसके अलावा मोटापा भी एक बड़ा जोखिम है, क्योंकि अतिरिक्त वजन घुटनों और कूल्हों पर दबाव डालता है, जिससे कार्टिलेज तेजी से घिसता है। इसलिए अपने वजन का संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है।

## सावधानियां - सक्रिय जीवनशैली और व्यायाम

आर्थराइटिस के जोखिम को कम करने के लिए सक्रिय जीवनशैली अपनाएं। रोजाना 30 मिनट का हल्का व्यायाम, जैसे टहलना, योग, या स्ट्रेचिंग, जोड़ों को लचीला रखता है और मांसपेशियों को मजबूत करता है। स्विमिंग और साइकिलिंग जैसे कम प्रभाव वाले व्यायाम जोड़ों पर दबाव डाले बिना उनकी गतिशीलता बढ़ाते हैं। सही मुद्रा में बैठें और भारी वजन उठाते समय सावधानी बरतें। नियमित रूप से पेल्विक फ्लोर और कोर स्ट्रेंथ एक्सरसाइज करें।



## आहार और चिकित्सीय सलाह

आहार में एंटी-इन्फ्लेमेटरी खाद्य पदार्थ जैसे हल्दी, अदरक, ओमेगा-3 युक्त मछली, नट्स, और हरी सब्जियां शामिल करें। विटामिन D के लिए धूप लें और कैल्शियम युक्त दूध, दही खाएं। वजन नियंत्रित रखने के लिए संतुलित आहार अपनाएं और प्रोसेस्ड फूड से बचें। अगर जोड़ों में दर्द, सूजन या अकड़न लंबे समय तक बनी रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# बिजनेस में तरक्की चाहते हैं तो जरूर अपनाएं वास्तु के उपाय

हमारे घर से लेकर वर्कप्लेस तक के लिए कई ऐसे वास्तु नियमों के बारे में बात की जाती है जो जीवन में आपको उन्नति दिलाने में मदद कर सकते हैं। आइए जानें ऐसी ही कुछ वास्तु की टिप्स के बारे में जो आपके बिजनेस में तरक्की का कारण बन सकते हैं। वास्तु शास्त्र आपके व्यवसाय में सफलता और वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आइए यहां जानें कुछ ऐसे वास्तु टिप्स जो आपके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं और आपको जल्द ही मुनाफा होने लगेगा-

अगर आप बिजनेस में ग्रोथ के बारे में सोच रही हैं तो आपको बिजनेस की सही दिशा चुननी चाहिए। उत्तर, उत्तर-पूर्व और पूर्व दिशाएं किसी भी व्यवसाय की वृद्धि के लिए शुभ मानी जाती हैं। अपने वर्कप्लेस को दक्षिण-पश्चिम या दक्षिण-पूर्व में रखने से बचें, क्योंकि ये दिशाएं आर्थिक हानि का कारण बन सकती हैं। वास्तु के अनुसार वर्कप्लेस पर बैठने के लिए सबसे अच्छी दिशा चुननी जरूरी है। वर्कप्लेस में प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए आपको और बिजनेस से जुड़े उच्च अधिकारियों को उत्तर या पूर्व की ओर मुख करके बैठना चाहिए। सभी एम्प्लोयी को ऐसे बैठना चाहिए कि उनकी पीठ मुख्य द्वार की ओर न हो।

किसी भी ऑफिस या दुकान का मुख्य द्वार आदर्श रूप से उत्तर, उत्तर-पूर्व या पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए।किसी भी रूप में आप दक्षिण-मुखी प्रवेश द्वार से बचें, क्योंकि इससे व्यवसाय में संघर्ष और वित्तीय नुकसान हो सकता है। धन वृद्धि के लिए कैश काउंटर



और लॉकर की स्थिति भी वास्तु अनुसार होनी चाहिए। धन को आकर्षित करने के लिए कैश काउंटर हमेशा उत्तर दिशा में होना चाहिए। ऑफिस के लॉकर या तिजोरी को उत्तर की ओर मुंह करके दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखना चाहिए। अगर वर्कप्लेस पर कोई बीम है तो आपको उसके ठीक नीचे बैठने से बचना चाहिए। बीम के ठीक नीचे बैठने से मानसिक तनाव बना रहता है। अपनी डेस्क ऐसी होनी चाहिए जिसके सामने खाली दीवार न हो। कैश लॉकर के सामने यदि आप दर्पण रखती हैं तो आपको बिजनेस में लाभ हो सकता है और आपकी समृद्धि बनी रह सकती है। ऑफिस में किसी भी तरह का टूटा शीशा नहीं होना चाहिए। अगर दरवाजे या खिड़की का शीशा टूट जाए तो उसे तुरंत ही बदल देना चाहिए। वर्कप्लेस में सफलता को आकर्षित करने के लिए दीवारों पर नीला, हरा या पीला रंग इस्तेमाल करें।

# रहना चाहते हैं फिट और हेल्दी तो अपनाएं इन्हें

रात का भोजन दिनभर के खानपान का अहम हिस्सा होता है। इसका आपके शरीर पर गहरा असर पड़ता है। रात को सही आहार खाना आपकी सेहत को बनाए रखने और नींद में सुधार लाने में मदद कर सकता है। अगर आप फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं तो रात के खाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सूपः हरी सब्जियों और दाल से बना सूप शरीर को हल्का रखता है और पर्याप्त पोषण देने का काम करता है। यह पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है और वजन घटाने में सहायक हो सकता है।

**सलाद** : ताजे फल और सब्जियों का सलाद, जैसे खीरा, टमाटर, गाजर, और पत्तेदार साग, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है। सलाद हल्का और पचने में आसान होता है।

**दही** : दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं जो पाचन तंत्र को सही रखते हैं। आप इसे फल या शहद के साथ खा सकते हैं।

**दलिया**: ओट्स फाइबर और प्रोटीन के लिए एक बेहतरीन सोर्स होते हैं। आप इसे दूध के साथ खा सकते हैं और अपनी पसंद के अनुसार फल डाल सकते हैं।



# किसी भी मौसम में हो सकती है आपको पानी की कमी, ऐसे बचें

बहुत से लोगों को लगता है कि शरीर में पानी की कमी सिर्फ गर्मी के मौसम में ही हो सकती है, लेकिन ये पूरा सच नहीं है। किसी भी मौसम में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। आपको यह जरूर जानना चाहिए कि शरीर में पानी की कमी होने पर क्या लक्षण दिखते हैं। हमारे शरीर का ज्यादातर हिस्सा, लगभग 60-70%, पानी से बना है, जो शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। पाचन से लेकर रक्त संचार और शरीर का तापमान बनाए रखने तक, पानी हर जरूरी शारीरिक क्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन जब शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिसे हम डिहाइड्रेशन भी कहते हैं, तो यह स्थिति हमारे स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है। डिहाइड्रेशन कई वजहों से हो सकता है, जैसे ज्यादा पसीना आना, बार-बार दस्त लगना या फिर पर्याप्त पानी न पीना। बच्चे और बुजुर्गों में डिहाइड्रेशन का खतरा अधिक होता है। अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। डिहाइड्रेशन के कारण थकान, चक्कर आना और कई बार तो इंसान बेहोश भी हो सकता है। इसलिए, यह समझना बेहद जरूरी है कि डिहाइड्रेशन क्या है, इसके क्या लक्षण हैं, और सबसे महत्वपूर्ण है कि इससे बचाव के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं।

## डिहाइड्रेशन के लक्षण


डिहाइड्रेशन के शुरुआती लक्षणों में प्यास लगना, मुंह सूखना, थकान और चक्कर आना शामिल हैं। गंभीर डिहाइड्रेशन में पेशाब का रंग गहरा पीला होना, कम पेशाब आना, त्वचा में रूखापन आना, तेज धड़कन और सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अगर डिहाइड्रेशन बढ़ जाए, तो यह किडनी की समस्या, बेहोशी या गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है। इसलिए समय रहते इसपर ध्यान देना बहुत जरूरी होता है।

## डिहाइड्रेशन के कारण

डिहाइड्रेशन का मुख्य कारण पर्याप्त पानी न पीना है, खासकर गर्मी या मानसून में जब पसीना अधिक निकलता है। दस्त, उल्टी या बुखार के दौरान शरीर से तरल पदार्थ तेजी से निकलता है, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक शराब या कैफीन का सेवन भी मूत्रवर्धक प्रभाव के कारण पानी की कमी हो सकती है। डायबिटीज या किडनी रोग वाले मरीजों में बार-बार पेशाब के कारण डिहाइड्रेशन होने की आशंका अधिक होती है।

# मसल्स वाली बॉडी बनाने की चाहत है तो इन टिप्स को देखिए आजमाकर, हैरान रह जाएंगे बदलाव देखकर

जिम जाकर खुद को फिट और बॉडी को बेहतरीन शेप देने की कोशिश कर रहे पुरुष चाहते हैं मसल्स वाली बॉडी बनाना। लेकिन कितने पुरुषों को इसका सही तरीका पता है? हो सकता है सबको सही तरीका पता हो, लेकिन इसके साथ किन गलतियों को करने से बचना है, वो न पता हो। जी हां अक्सर पुरुष मसल्स ग्रोथ करने की कोशिश में कुछ गलतियां कर बैठते हैं। ये वो गलतियां हैं जो आपकी घंटों की मेहनत को बेकार कर देती हैं। ये आपके मसल्स ग्रोथ को बेहतर होने ही नहीं देती हैं। हो सकता है आप भी जिम में पसीना बहाते हुए ऐसी ही गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों को पहचान लीजिए और मसल्स ग्रोथ को बढ़ा लीजिए।




## लिफ्ट हों धीमे-धीमे

अक्सर कई पुरुष सोचते हैं कि बड़े मसल्स के लिए आपको भारी वजन जल्दी-जल्दी उठाना जरूरी होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। आप भारी वजन उठाइए लेकिन धीरे-धीरे। दरअसल धीरे-धीरे किए गए रैप्स के साथ किसी खास मसल्स पर फोकस करना आसान हो जाता है। धीमे रैप्स के साथ मसल्स को उनके मोशन के फुल रेंज तक ले जाया जा सकता है। इसके साथ ग्रोथ और बेहतर और एक सी होती है

## भारी वजन के ज्यादा रैप्स

याद रखिए, आप अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ानी है तो भरी वजन उठाने के साथ इसके रैप्स भी ज्यादा करने की कोशिश करनी होगी। सुनिश्चित करें कि आप सही फॉर्म में वजन उठाएं। अगर आपको लग रहा है कि आप एक्सरसाइज का मोशन पूरा नहीं कर पाएंगे तो हल्का वजन ही उठाएं।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## निकोलस केज ने बदला कानूनी तौर पर अपना नाम, एक्टर ने किया खुलासा



ऑस्कर जीत चुके अभिनेता निकोलस केज ने कानूनी तौर पर अपना नाम बदल लिया है, ऐसा उन्होंने पिछले साल ही किया था। नाम बदलने की वजह को अभिनेता ने साझा किया है। हॉलीवुड एक्टर निकोलस केज का असली नाम निकोलस किम कोपोला है। पिछले साल उन्होंने अपने स्टेज नाम को ही अपना कानूनी नाम बना लिया। एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने नाम बदलने की वजह का भी खुलासा किया है। एक इंटरव्यू में एक्टर ने कहा, 'मैं निक केज हूं। मैंने पिछले साल कानूनी तौर पर अपना नाम बदल लिया। मैं असल जिंदगी में भी निक केज हूं और कैमरे के सामने भी निक केज हूं। किसी और के परिवार के हाशिये पर खड़े होकर उनका चचेरे भाई बनने से बेहतर है कि मैं अपने छोटे से परिवार का मुखिया बना रहूं। यही वजह है कि मैंने तय किया कि मैं इसी नाम को पहचाना जाऊं।' एक्टर निक केज ने अपना सरनेम मार्वल कॉमिक्स के किरदार ल्यूक केज से लिया। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में इस किरदार के बारे में काफी बातें होती थीं। निक केज ने कहा, 'मैंने सोचा ठीक है। मैं 'निकोलस' नाम तो रखूंगा ही क्योंकि मेरे पिता ने मेरा नाम निकोलस रखा था। मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग निक कहकर बुलाते हैं या निकोलस। मैं दोनों ही हूं। मुझे लगता है कि लोग मुझे दोनों ही नामों से जानते हैं।' निक केज दिवंगत ऑगस्ट कोपोला के बेटे हैं, जो फ्रांसिस फोर्ड कोपोला और शायर तालिया रोज कोपोला के बड़े भाई थे। कोपोला परिवार के अन्य मशहूर सदस्यों में फ्रांसिस फोर्ड की बेटी सोफिया कोपोला और तालिया के बेटे जेसन भी शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## 'सिंग गीथम' बनी 45 साल में, रिलीज हो रही सबसे बुजुर्ग फिल्ममेकर की फिल्म



कमल हासन हाल ही में हैदराबाद में दुनिया के सबसे उम्रदराज जीवित और सक्रिय फिल्म निर्माता सिंगीथम श्रीनिवास राव के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे। 94 साल के सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 93 साल की उम्र में फिल्म 'ज्यूरर 2' (2024) का निर्देशन करके क्लिंट ईस्टवुड का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इस दौरान कमल हासन ने सिंगीथम श्रीनिवास राव की आगामी फिल्म 'सिंग गीथम' के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे 45 साल पहले बनने वाली इस फिल्म के वक्त उनकी उम्र सिर्फ 20-21 साल थी। अब जब ये फिल्म रिलीज हो रही है, तब उनकी उम्र 71 साल है। इसके साथ ही उन्होंने सिंगीथम श्रीनिवास राव के साथ काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया। 94 साल के सिंगीथम श्रीनिवास राव की आगामी फिल्म 'सिंग गीथम' 11 जून को रिलीज हो रही है। फिल्म निर्माता के साथ अपने लंबे जुड़ाव के बारे में बात करते हुए कमल हासन ने कहा कि मुझे लगता है कि 'मायाबाजार' चेन्नई में 12 अप्रैल 1957 को रिलीज हुई थी। अब 11 जून को दो महीने बाद। मुझे पता है कि उन्हें ऐसा ही महसूस हो रहा होगा।

कुछ भी नहीं बदला है, और सिनेमा आज भी उनके साथ है। यह बहुत खास है। उन्होंने खुलासा किया कि जब उन्होंने पहली बार सिंगीथम के साथ काम किया था तब वे केवल 21 साल के थे। मुझे नहीं पता कि निर्देशन टीम में सबसे कम उम्र का कौन है? मैं उनसे उससे पहले मिला था। मैं 21 साल का था जब मैंने वह सब किया जो इन लड़कों ने उनके साथ किया था। मैं अनजाने में, स्वेच्छा से, उनका असिस्टेंट डायरेक्टर बन गया। संयोग से मैं फिल्म का निर्माता भी हूं। लेकिन मुख्य उद्देश्य उनके साथ काम करना था।

### भोजपुरी

## अक्षरा ने सुनाई 'वेलकम टू द जंगल' के 'घिस घिस' की अनोखी कहानी



अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के भोजपुरी गाने में अक्षरा सिंह अक्षय कुमार के साथ 'घिस घिस' गाने में डांस करती नजर आईं। उन्होंने कहा- मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे अक्षय सर के साथ काम करने का मौका मिलेगा। एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि अक्षय कुमार भोजपुरी भाषा को समझने में भी काफी रुचि दिखा रहे थे।

भोजपुरी एक्ट्रेस और सिंगर अक्षरा सिंह अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के भोजपुरी गाने को लेकर चर्चा में हैं। इस गाने में वह अक्षय कुमार के साथ 'घिस घिस घिस' गाने में एनर्जेटिक अंदाज में नजर आईं। अक्षरा ने इस अनुभव को अपने करियर का बेहद खास पल बताया। उन्होंने कहा कि भोजपुरी भाषा को इतने बड़े मंच पर पेश करना उनके लिए गर्व की बात है। अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम पर गाने का क्लिप शेयर किया और उन्होंने लिखा, 'चेतावनी! ई गाना सुनके अगर आप नाचने लग जाएंत हमरा पर इल्जाम मत लगाइएगा। घिस घिस घिस रिलीज कर दिया गया है।' बता दें कि यह एक धमाकेदार पार्टी और डांस-ओरिएंटेड आइटम नंबर है, जिसकी बीट्स बेहद शानदार है। इस गाने में बॉलीवुड के ग्लैमर और भोजपुरी का देसी अंदाज देखने को मिल रहा है। 'घिस घिस घिस' गाने में अक्षय कुमार और अक्षरा सिंह जबरदस्त अंदाज में डांस करते नजर आ रहे हैं। दोनों भोजपुरी स्टाइल को बखूबी से दर्शाते हुए ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं।

### समर ट्रेंड

स्प्रिंग समर 2026 के फैशन ट्रेंड में स्थिरता, पुरानी यादों और तकनीकी नवाचार पर जोर दिया गया है। फैशन में पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों और नैतिक उत्पादन विधियों को अपनाया जा रहा है, जो पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। समावेशिता अभी भी आवश्यक है, जिसमें विभिन्न पहचानों और शारीरिक बनावटों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन बनाए जा रहे हैं, जो अनुकूलनीय और बहुमुखी परिधानों को उजागर करते हैं।





लाइफ स्टाइल

## आंखों के नीचे डार्क सर्कल हटाने घरेलू नुस्खे अपनाएं, एक महीने में दिखने लगेगा फर्क

आजकल की लाइफस्टाइल और खान-पान इतना बदल गया है कि उसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। घंटों-घंटों मोबाइल देखना और लैपटॉप पर काम करने की वजह से लोगों न सिर्फ आंखें दुखने लगी हैं, बल्कि इसके साथ-साथ आंखों के नीचे गहरे काले निशान भी आने लगे हैं।

यदि शुरुआती दिनों में इन डार्क सर्कल पर ध्यान न दिया जाए तो ये इतना बढ़ जाते हैं, कि इसकी वजह से चेहरा भी अजीब दिखने लगता है। अगर आप भी इसी दिक्कत से परेशान हैं तो हमारे बताए गए तीन नुस्खों को आजमाकर देख लें। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल के बाद एक महीने में आंखों के काले घेरे एकदम कम हो जाएंगे।



**खीरा:** यदि आप भी घरेलू नुस्खों की मदद से डार्क सर्कल को कम करना चाहते हैं तो उसके लिए खीरा आपकी मदद करेगा। दरअसल, खीरे में एंटीऑक्सिडेंट और ठंडक देने वाले तत्व होते हैं जो आंखों को आराम देते हैं और काले घेरों को कम करते हैं।


इसके इस्तेमाल के लिए आपको सबसे पहले खीरे को पतले स्लाइस में काटना है। अब इसे अपनी आंखों पर रख लेना है। कोशिश करें कि ये खीरा ठंडा हो, इससे आपकी आंखों को भी राहत मिलेगी। 20 मिनट के लिए दिन में दो बार ऐसा ही करें। इससे आंखों के नीचे आए काले घेरे खुद ब खुद कम हो जाएंगे।

**आलू का रस:** हर भारतीय घर में आलू बड़ी ही आसानी से मिल जाता है। इसका इस्तेमाल सब्जी बनाने के साथ-साथ स्किन केयर में भी किया जाता है। दरअसल, आलू में पाए जाने वाले एंजाइम और विटामिन C डार्क सर्कल को हल्का करने में मदद करते हैं।

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले कच्चे आलुओं को कद्दूकस कर लें। अब इसे कॉटन के कपड़े में बांधकर उसका रस निकाल लें। रस निकालने के बाद इसे रुई की मदद से अपनी आंखों के नीचे अप्लाई करें। 20 मिनट के बाद अपने चेहरे को धो लें। हफ्ते में कम से कम 5 बार ऐसा करें और फिर इसका असर देखें।

**बादाम तेल और नारियल तेल की मसाज:** ये दोनों तेल यदि आपके घर में मौजूद हैं तो इनके इस्तेमाल से डार्क सर्कल को कम करें। दरअसल, ये दोनों तेल त्वचा को पोषण देते हैं और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करके डार्क सर्कल को कम करते हैं। इसका इस्तेमाल भी काफी आसान है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सबसे पहले बराबर मात्रा में बादाम तेल और नारियल तेल मिक्स करना है।

## यंग गर्ल्स ऑफिस में स्टाइल करें काफ्तान कुर्तियां, दिखेंगे फैशनेबल



यदि आप भी ऑफिस में कुछ यूनिक और स्टाइलिश ट्राई करने का सोच रही हैं तो आज हम आपको कुछ काफ्तान कुर्तियां दिखाने जा रहे हैं। जिनको आप कैरी करके खुद को स्मार्ट लुक दे सकती हैं।

यदि आप वर्किंग वुमेन हैं फिर तो आपको भी हर रोज सुबह ऑफिस जाने से पहले सोचना पड़ता होगा कि आखिर क्या पहना जाए। जी हां हर एक महिला को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। किस तरह लुक को हर रोज स्टाइलिश और क्लासी बनाया जाए।

### टाई एंड डाई प्रिंट काफ्तान कुर्ती



यदि आप ऑफिस में स्टाइल के साथ कंफर्ट भी चाहती है, तो उसके लिए जॉर्जेट की टाई एंड डाई प्रिंट कुर्ती बेस्ट ऑप्शन है। इसके संग आप कोई भी व्हाइट पेंट, प्लाजो या जींस कैरी कर सकती हैं। ऐसी काफ्तान कुर्तियां कैरी करने के बाद काफी अट्रैक्टिव लुक देती हैं। इनके संग आप कोई भी मेटल झुमके न्यूड मेकअप और ओपन हेयर से अपना लुक और भी ज्यादा खूबसूरत बना सकती हैं। यह आपको ऑनलाइन 400 से 800 तक की रेंज में मिल जाएंगी।

### सिल्क पैच वर्क शार्ट काफ्तान कुर्ती



आप चाहे तो इस तस्वीर में नजर आ रही पिंक कलर की सिल्क फैब्रिक कुर्ती को भी ट्राई कर सकती हैं। इस कुर्ती पर बड़ा सा फ्लोरल पैच लुक को काफी खूबसूरत बना रहा है। लूज फिटिंग होने की वजह से गर्मियों के लिए काफ्तान कुर्तियां परफेक्ट रहती हैं। इनके संग आप व्हाइट या ब्लैक पेंट पेयर अप करें। हेयर स्टाइल को आप पौनी लुक दें और मेकअप को थोड़ा ग्लॉसी टच दें। ऐसी कुर्तियां ऑनलाइन और ऑफलाइन आप की तरह के कलर में आसानी से 400 से 700 तक की कीमत में मिल जाएंगी।

### साटन फैब्रिक लांग काफ्तान कुर्ती


हिना खान की साटन फैब्रिक डार्क ब्लू कुर्ती एथनिक और वेस्टर्न का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। इस कुर्ती पर वी डिजाइन में गोल्डन कलर से थ्रेड वर्क किया गया है। साथ ही, साइड में डोरी दी गई है जिससे आप अपने अकॉर्डिंग कमर से ढीला और टाइट कर सकती हैं।

## अब लिपस्टिक बार-बार लगाने की जरूरत नहीं, ये ट्रिक्स करेंगी कमाल

यदि आपकी लिपस्टिक भी एक से दो घंटे में खराब हो जाती है तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। हमारी बताई गई टिप्स से आप अपनी सिंपल लिपस्टिक को भी घंटों टिका सकते हैं। शायद ही कोई महिला होगी, जिसे लिपस्टिक लगाना पसंद न हो। अब तो छोटी-छोटी बच्चियों से लेकर कॉलेज जाने वाली लड़कियों के पास तक लिपस्टिक का शानदार कलेक्शन होता है। लिपस्टिक लगाने से लुक एकदम बदल सा जाता है। लिपस्टिक लगाना जितना आसान है, उतना ही कठिन होता है लंबे समय तक इसे टिकाए रखना। दरअसल, ज्यादा महिलाओं की यही शिकायत रहती है कि उनकी लिपस्टिक जल्दी मिट हो जाती है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी ही ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद आपकी सस्ती सी लिपस्टिक भी घंटो तक टिकी रहेगी।

### होंठों को पहले करें स्क्रब

चेहरे के साथ-साथ होंठों की डेड स्किन निकालना भी काफी जरूरी हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यदि आपके होंठों पर डेड स्किन जमा रहेगी तो इसपर लिपस्टिक का



ज्यादा लंबे समय तक टिकना मुश्किल होगा। इसलिए हफ्ते में कम से कम तीन बार अपने होंठों को एक्सफोलिएट करें। इसके लिए पिसी हुई चीनी और शहद के मिश्रण को होंठों पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। इसके बाद किसी मुलायम ब्रश की मदद से होंठों को साफ कर लें।

### लिप बाम लगाएं


सूखे होंठों पर लिपस्टिक ज्यादा समय तक टिक नहीं पाती है। इसलिए जब भी कभी लिपस्टिक लगा रही हैं तो पहले अपने बालों में लिप बाम अवश्य लगाएं। इससे आपके होंठ मुलायम बने रहेंगे। ध्यान रखें कि यदि आप ज्यादा लिप बाम का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपकी लिपस्टिक ग्लॉसी दिखेगी।

## पैरों की बदबू से परेशान हैं तो ये उपाय अपनाएं और पाएं फ्रेशनेस का एहसास

गर्मी के मौसम में शरीर से बदबू आना काफी सामान्य बात है। लेकिन दिक्कत तब होती है, जब ये बदबू बढ़कर लोगों को परेशान करने लगे। खासतौर पर बात करें पैरों की तो जो लोग जूते पहनते हैं, उनके पैरों में बदबू काफी ज्यादा आती है। कई बार तो जूते उतारने के बाद बैठना भी काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप कुछ नुस्खे आजमाकर इस दिक्कत से छुटकारा पा सकते हैं। यहां इस लेख में कुछ असरदार घरेलू उपाय दिए गए हैं, जिन्हें अपनाकर आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस कुछ टिप्स को फॉलो करना है।

### नमक के पानी में धोएं

यदि आपके पैरों से काफी ज्यादा बदबू आ रही है तो नमक का पानी इस बदबू को दूर करेगा। इसके लिए सबसे पहले एक बाल्टी में गुनगुना पानी लेकर उसमें नमक घोलें। अब इस पानी में 15–20 मिनट पैरों को भिगोकर रखें। इससे बैक्टीरिया और पसीने की बदबू कम होती है। ये नमक वाला पानी पैरों की थकान को भी दूर करने का काम करेगा।



### नीम का तेल आएगा काम

नीम के पत्तों और तेल में एंटी-बैक्टीरियल तत्व पाए जाते हैं, जो पैरों से बदबू को भगाने में कारगर रहेंगे। इसके लिए आपको सबसे पहले पैरों को धोना है और फिर उसपर नीम के तेल अप्लाई करना है। थोड़ी देर इसे ऐसे ही रहने दें और फिर अपने पैरों को धो लें। इससे भी आपको तुरंत बदबू से राहत मिलेगी। बाजार में टी ट्री ऑयल भी बड़ी आसानी से मिल जाता है। पैरों की बदबू दूर करने के लिए भी आप टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

#### घर से बाहर के होना चाहिए खास ड्रेस

## बीच, हिल स्टेशन हो या इंटरनेशनल ट्रिप- हर लोकेशन के लिए परफेक्ट हैं ऐसे आउटफिट्स

हर लड़की अपनी शादी के लिए बेहद उत्साहित रहती है। इसके लिए वो महीनों पहले से खरीदारी भी शुरू कर देती हैं। शादी के साथ-साथ लड़कियां शादी के बाद की प्लानिंग भी पहले से कर लेती हैं। खासतौर पर बात करें हनीमून की तो ये ऐसा वक्त होता है, जब शादी की कपल शादी की थकान उतारने और एक-दूसरे के साथ समय व्यतीत करने के लिए घूमने जाता है। इस दौरान लड़कियां अपने लुक्स पर भी काफी ध्यान देती हैं। यदि आप भी हनीमून पर जा रही हैं तो उसके लिए खरीदारी करनी होगी। ऐसे में हम आपको कुछ लेटेस्ट और स्टाइलिश आउटफिट आपको दिखाने जा रहे हैं, जिससे टिप्स लेकर आप शॉपिंग कर सकते हैं।

### को-ऑर्ड सेट लुक

कुछ कंफर्टेबल सा तलाश कर रही हैं तो ऐसा को-ऑर्ड सेट आपकी खूबसूरती में भी चार चांद लगा देगा, साथ ही में इसको पहनने से आपका लुक काफी स्टाइलिश भी लगेगा। इसे पहनते समय बस ध्यान रखें कि इसके साथ एक्सेसरीज अच्छी और क्लासी ही पहनें. वरना आपका लुक बिगड़



भी सकता है।

### डेनिम शॉर्ट में ग्लैमरस लुक

कौन नहीं चाहता कि वो अपने हनीमून पर ग्लैमरस दिखे। इसके लिए आप डेनिम शॉर्ट्स कैरी कर सकती हैं। डेनिम शॉर्ट्स के साथ ब्रालेट और ऊपर से ओवरसाइज शर्ट आपके लुक में चार चांद लगा देगी। ध्यान रखें कि इस लुक के साथ पैरों में जूते या फिर स्लीपर पहनें। जूते पहाड़ों पर काम आएंगे, वहीं अगर बीच पर हैं तो स्लीपर ही पहनें।

### डेनिम शॉर्ट में कूल अंदाज

डेनिम शॉर्ट्स को आप अलग अंदाज में भी कैरी कर सकती हैं। इसके लिए शॉर्ट्स के साथ टॉप कैरी करें। इस तरह की फिटेड टॉप आपके लुक में चार चांद लगा देगी। सुरभि की तरह आप अपने शॉर्ट्स के साथ जूते कैरी कर सकती हैं, इससे आपका लुक काफी कूल दिखेगा।

### जींस-टीशर्ट लुक

यदि पार्टनर के साथ बाइक राइड पर जाना है तो कुछ और पहनने की जगह इस तरह की ब्लू फिटेड डेनिम जींस और साथ में व्हाइट रंग की टॉप कैरी करें। आपका ये लुक न सिर्फ देखने में स्टाइलिश लगेगा, बल्कि आप इसमें काफी कूल भी दिखेंगी।

### ऑफ शोल्डर ड्रेस

हनीमून पर कपल्स डिनर डेट्स पर भी जाते हैं, ऐसे में आपको अपने लिए एक ऐसी ही ग्लैमरस ड्रेस भी खरीद लेनी चाहिए। ऐसी ड्रेस आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी।